# कैरली

2018-19

കൈരളി

KAIRALI

केंद्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रधान आयुक्त का कार्यालय, कोच्चि

OFFICE OF THE PRINCIPAL COMMISSIONER OF CENTRAL TAX & CENTRAL EXCISE, KOCHI

केंद्रीय राजस्व भवन /C.R. BUILDING, आई एस प्रेस रोड / I.S. PRESS ROAD, कोचिन /COCHIN - 682 018

## क्लब दिवस 2018 उद्घाटन/ Club Day -2018 Inauguration

केरल के माननीय राज्यपाल श्री पी सदाशिवम से प्रधान आयुक्त महोदय द्वारा राजभाषा पुरस्कार[तृतीय स्थान] की शील्ड तथा वरिष्ठ अनुवादक द्वारा प्रमाण पत्र स्वीकार करते हुए । /

**Principal Commissioner and Senior Translator receiving Rajbhasha Puraskaar[3rd position] Shield and Certificate respectively from the Honourable Governor of Kerala Shri P. Sathasivam**

# कैरली

**केंद्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय**
**आई.एस. प्रेस रोड, कोच्चि -18**
**की**
**त्रिभाषी गृह पत्रिका**

# Kairali

**Trilingual Departmental Magazine**
**of**
**Central Tax & Central Excise Commissionerate**
**C.R.Building, I.S.Press Road, Cochin-18**

.....

विभागीय गृह पत्रिका वर्ष 2018-19

.....


| | |
|---|---|
| प्रधान संपादक | के आर उदय भास्कर, केंद्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रधान आयुक्त |
| प्रबंध संपादक | श्रीमती राजेश्वरी आर नायर, संयुक्त आयुक्त एवं राजभाषा अधिकारी |
| संपादक | डॉ टिज़ू टी, केंद्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, लेखा परीक्षा आयुक्त |
| [मलयालम | श्रीमती राजेश्वरी आर नायर, संयुक्त आयुक्त एवं राजभाषा अधिकारी |
| रचनाएं] | श्रीमती रानी सी आर, संयुक्त आयुक्त, (मुख्य आयुक्त कार्यालय) |
| संपादक | श्रीमती रोसेलिंड जोस थॉमस कोरुतु, वरिष्ठ अनुवादक |


.....

इस पत्रिका में व्यक्त विचार रचनाकारों के अपने हैं. इनमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है ।

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | रचना | रचनाकर | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | एक मुलाकात, केरल और उसकी भाषा से | राजभाषा अनुभाग | 9-15 |
| 2 | स्वच्छता अभियान | निष्का सिंह | 16-17 |
| 3 | ज़िंदगी सफ़र बड़ा, राह भी अजीब है | आशा | 18 |
| 4 | ब्रॉडवे, एर्णाकुलम | राजभाषा अनुभाग | 19-21 |
| 5 | ज़िंदगी एक किताब, बचपन का ज़माना | अंकिता कुमारी | 22 |
| 6 | गर्मी की छुट्टियां | रोसेलिंड जोस | 23 |
| 7 | कबीर की चिंता | राजभाषा अनुभाग | 24-25 |
| 8 | एक नज़र भारतीय संस्कृति की ओर | राजभाषा अनुभाग | 26-28 |
| 9 | कोई खिलौना नहीं, मैं भी एक इंसान हूँ | नितेश सैनी | 29 |
| 10 | इतना गरम — दिल्ली ..एक यात्रा विवरण | रोसेलिंड जोस | 30 |
| 11 | केरल और मैं | मोहित कुंद्रा | 31 |
| 12 | सिसकती हिंदी | संजीव कुमार | 32 |
| 13 | एक अद्भुत औरत - माँ | रोसेलिंड जोस | 33 |
| 14 | राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, नियम | राजभाषा अनुभाग | 34-35 |
| 15 | ई - महाशब्दकोश, कंठस्थ | राजभाषा अनुभाग | 36-37 |
| 16 | हिन्दी पखवाड़ा समारोह - 2018 - 19 - एक रिपोर्ट | राजभाषा अनुभाग | 38-40 |
| 17 | चुटकुले | राजभाषा अनुभाग | 40 |
| 18 | बच्चों की चित्रकला | | 41-42 |
| 19 | फोटो - 43-कोच्चि आयुक्तालय में अध्यक्ष [सीबीआईसी] का दौरा,/44-ओणम समारोह 2019,/ 45- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2019,/ 46- क्लब दिवस 2018, आयुक्तालय के विभिन्न खेल टीमों के साथ प्रधान मुख्य आयुक्त,/47- दक्षिण क्षेत्र राजस्व [खेल व सांस्कृतिकमीट 2019 - कोच्चि आयुक्तालय के अधिकारी हिंदी नाटक में भाग लेते हुए,/48- महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर खादी भवन द्वारा खादी की बिक्री और आयुक्तालय के अधिकारियों द्वारा खादी कैशन ली,/49- सतर्कता सप्ताह 2019,/50- जी एस टी दिवस - 2018,/ 51- जी एस टी दिवस - 2019, /52- राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, ओलिंपियन एवं ध्यान चंद पुरस्कार 2018 विजेता श्रीमती बॉबी अलोयिस को कोच्चि आयुक्तालय द्वारा सम्मानित किया गया,/53- केरल बाढ़ 2018 - कोच्चि आयुक्तालय के अधिकारियों द्वारा राहत कार्य,/ 54- कैरली विभागीय पत्रिका विमोचन, कोच्चि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रोलिंग ट्रॉफी-कोच्चि आयुक्तालय को प्रथम पुरस्कार, हिंदी पखवाड़ा समारोह 2018, नासिक, कोचिंग द्वारा आयोजित - कमोडोर अभिलाष टॉमी द्वारा एक प्रेरणात्मक वार्तालाप | | 43-54 |
| 20 | Unity in Diversity | Nishka Singh | 55 |
| 21 | Where there is a will, there is a way | Nishka Singh | 55 |
| 22 | Visit to a Historic place | Gayathri K.K. | 56 |
| 23 | Time shall heal it | Gayathri K.K. | 57 |
| 24 | നക്ഷത്ര കണ്ണുകളുള്ള പെൺകുട്ടി | ഡോക്ടർ റ്റിജു റ്റി | 58-61 |
| 25 | വിശിക്കാനെന്തെളുപ്പം | ഹാബ്ബി ഷിഹൻ | 61 |
| 26 | സൊഹരായി കാഴ്ചകൾ | ജിമ്മി ജോസഫ് | 62-68 |
| 27 | ചരക്കു സേവന നികുതിയും ചില വിധി നിർണയങ്ങളും | എം ആർ രാമചന്ദ്രൻ | 69-72 |


*मुख पृष्ठ - केरल के कोट्टयम जिले के कुमारकम रोड पर स्थित मलरिक्कल गाँव में 600-650 एकड़ से अधिक क्षेत्रों में गुलाबी कुमुदिनियाँ खिली हुई | /Front Cover - Pink water lilies in bloom over 600-650 acres of paddy fields at Malarikkal, a hamlet on the Kumarakom Road, Kottayam District of Kerala.*

*अंतिम कवर पृष्ठ - कोच्चि में देखा गया चीनी-[ मछली पकड़ने का जाल/ Back Cover-Chinese [fishing] nets seen at Kochi*

# संरक्षक के संदेश

कोच्चि आयुक्तालय की विभागीय पत्रिका "कैरली" प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है । हिन्दी पत्रिका प्रकाशित करने का प्रमुख उद्देश्य है हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना। इस पत्रिका में हिन्दी के अलावा मलयालम एवं अंग्रेज़ी के लेख भी शामिल हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह अंक आप सबको मनोरंजक प्रतीत होगा और कार्यालय में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा ।

पत्रिका की सफल प्रस्तुति के लिए मैं पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी व्यक्तियों को शुभकामनाएं देता हूं ।

पु. नागेश्वरा राव

पुल्लेला नागेश्वरा राव, भा.रा.से.
प्रधान मुख्य आयुक्त

# प्रधान सपादक की कलम से

केंद्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, कोच्चि की विभागीय पत्रिका "कैरली" आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है ।

राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग हो सके, यह हम सबकी प्रतिबद्धता और दायित्व है । इस आयुक्तालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मेरा अनुरोध है कि वे राजभाषा हिन्दी के विकास के लिए अपने कार्य में इसका अत्यधिक प्रयोग करें ।

पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े हुए सभी अधिकारीगण जिन्होंने पत्रिका को आप तक पहूंचाने में अथक परिश्रम किया है, वे धन्यवाद के पात्र हैं ।

के आर उदय भास्कर, भा.रा.से.
प्रधान आयुक्त

# संदेश

मुझे यह जानकार अपार हर्ष हो रहा है कि केंद्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, कोच्चि आयुक्तालय की पत्रिका "कैरली" का प्रकाशन किया जा रहा है । राजभाषा हिन्दी का प्रचार - प्रसार करने और उसकी उत्तरोत्तर वृद्धि में पत्रिका का प्रकाशन एक अभिन्न अंश साबित होगा । पत्रिका मुद्रण में अधिकारियों के साथ - साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी अपनी बहुमूल्य रचनाएं देकर इसे और समृद्ध बनाया है ।

मैं "कैरली" के प्रकाशन में जुड़े हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देती हूँ,साथ ही पत्रिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ ।

राजेश्वरी

**राजेश्वरी आर. नायर, भा.रा.से.**

**संयुक्त आयुक्त [का. व सत.] व राजभाषा अधिकारी**

# संपादकीय

"भाषा वह साधन है ,जिससे हम अपने मन के भाव दूसरों पर प्रकट करते हैं ।"

भारत में अनेक समृद्ध भाषाएं हैं । इन भाषाओं में हिन्दी एकता की कड़ी है । हमारे संतों, समाज सुधारकों और राष्ट्र नायकों ने अपने विचारों के प्रचार के लिए हिन्दी को अपनाया, क्योंकि भारत में यही वह भाषा है जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक और राजस्थान के सुदूर पश्चिमी अंचल से असम के पूर्वी सीमावर्ती भू-भाग तक समान रूप से समझी जाती है । चाहे किसी भी प्रदेश का कोई भी व्यक्ति देश के किसी भी भाग में चला जाए वह टूटी-फूटी हिन्दी के माध्यम से अपने विचारों को दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाने में सफल हो सकता है ।

भाषा वैज्ञानिकों के अनुसार लगभग 1000 वर्ष पहले हिन्दी का विकास अपभ्रंश से हुआ । वस्तुतः संस्कृत का पालि, प्राकृत और अपभ्रंश के माध्यम से विकसित रूप ही हिन्दी है । इस एक हज़ार से भी अधिक वर्षों की अवधि में हिन्दी निरंतर विकसित होती गई है । प्राचीन काल में संस्कृत राजभाषा थी । अशोक के शिलालेख पालि और प्राकृत में लिखे गए हैं । आचार्य कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में राजपत्र और राजभाषा पर विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए हैं । उनकी मान्यता है कि शासन की भाषा में अर्थक्रम, संबंध, माधुर्य, औदार्य और स्पष्टता का होना नितांत आवश्यक है । इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि भारतवर्ष में प्राचीन काल में राजभाषा और राजपत्रों के संबंध में विचार-विमर्श होता रहा है ।

स्वतन्त्रता मिलने के बाद भारत की संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 के दिन हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई । संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार *"संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागिरी होगी ।"*

सूचना प्रौद्योगिकी एक सरल तंत्र है जो तकनीकी उपकरणों के सहारे सूचनाओं का संकलन, प्रक्रिया एवं संप्रेषण करता है । इस अंक में इस विषय पर एक लेख है जिसमें सी डाक व राजभाषा विभाग द्वारा बनाए गए ई - महाशाब्दकोश वेबसाइट व कंठस्थ सॉफ्टवेयर के संबंध में उल्लेख है | उम्मीद करती हूं कि आप सभी उनका सदुपयोग करेंगे|

इस पत्रिका के संबंध में आपके मूल्यवान विचारों और आलोचना से हमें अवश्य अवगत करायें, ताकि कैरली के आगामी अंक को और अधिक सुरुचिपूर्ण और उपयोगी बना कर आपके हाथों में सौंपा जा सके ।

रोसेलिंड जोस थॉमस कोरुतु
वरिष्ठ अनुवादक

## एक मुलाकात, केरल और उसकी भाषा से :-

भारत की दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर अरब सागर और सह्याद्रि पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य एक खूबसूरत भूभाग स्थित है, जिसे केरल के नाम से जाना जाता है । स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व केरल में राजाओं की रियासतें थीं। जुलाई 1949 में तिरुवितांकूर और कोच्चिन रियासतों को जोड़कर 'तिरुकोच्चि' राज्य का गठन किया गया। उस समय मलबार प्रदेश मद्रास राज्य (वर्तमान तमिलनाडु) का एक जिला मात्र था। नवंबर 1956 में तिरुकोच्चि के साथ मलबार को भी जोड़ा गया और इस तरह वर्तमान केरल की स्थापना हुई। इस प्रकार 'ऐक्य केरलम' के गठन के द्वारा इस भूभाग की जनता की दीर्घकालीन अभिलाषा पूर्ण हुई।

पौराणिक कथाओं के अनुसार परशुराम ने अपना परशु समुद्र में फेंका जिसकी वजह से उस आकार की भूमि समुद्र से बाहर निकली और केरल अस्तित्व में आया। यहां 10वीं सदी ईसा पूर्व से मानव बसाव के प्रमाण मिले हैं।

इसके इतिहास का प्रथम काल 1000 ई. पूर्व से 300 ईस्वी तक माना जाता है। केरल में आवास केन्द्रों के विकास का दूसरा चरण संगमकाल माना जाता है। यही प्राचीन तमिल साहित्य के निर्माण का काल है। संगमकाल सन् 300 ई. से 800 ई तक रहा। प्राचीन केरल को इतिहासकार तमिल भूभाग का अंग समझते थे। सुविधा की दृष्टि से केरल के इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक कालीन - तीन भागों में विभाजित कर सकते हैं।

विज्ञापनों में केरल को 'ईश्वर का अपना घर' (God's Own Country) कहा जाता है, यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। केरल का समशीतोष्ण मौसम, समृद्ध वर्षा, सुंदर प्रकृति, जल की प्रचुरता, सघन वन, लम्बे समुद्र तट और चालीस से अधिक नदियाँ ही इसका मुख्य कारण है । केरल की भौगोलिक प्रकृति को पर्वतीय क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और समुद्री क्षेत्र नामक तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है | केरल को जल समृद्ध बनाने वाली 41 नदियाँ पश्चिमी दिशा में स्थित समुद्र अथवा झीलों में जा मिलती हैं। इनके अतिरिक्त पूर्वी दिशा की ओर बहने वाली तीन नदियाँ, अनेक झीलें और नहरें हैं।

आयुर्वेद दो हज़ार वर्ष पुरानी भारतीय चिकित्सा-पद्धति है। इस पद्धति का विकास स्वास्थ्य, जीवन-शैली एवं चिकित्सा की दृष्टि से हुआ था। केरल की आयुर्वेद परंपरा अत्यंत प्राचीन है। यह आज भी विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी आयुर्वेद पर आधारित पर्यटन (Health Tourism) केरल की विशेषता है। 'पंचकर्म चिकित्सा' जो कि पुनर्यौवन चिकित्सा कहलाती है, इस केलिए सैकड़ों विदेशी पर्यटक प्रतिवर्ष केरल आते हैं।

केरल की भाषा मलयालम है जो द्रविड़ परिवार की भाषाओं में एक है।

मलयालम, केरल के अलावा ये तमिलनाडु के कन्याकुमारी तथा उत्तर में कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिला, लक्षद्वीप तथा अन्य कई देशों में बसे मलयालियों द्वारा बोली जाती है। मलयालम, भाषा और लिपि के विचार से तमिल भाषा के काफी निकट है। इस पर संस्कृत का प्रभाव ईसा के पूर्व पहली सदी से हुआ है। संस्कृत शब्दों को मलयालम शैली के अनुकूल बनाने

के लिए संस्कृत से अवतरित शब्दों को संशोधित किया गया है। अरबों के साथ सदियों से व्यापार संबंध, अंग्रेजी तथा पुर्तगाली उपनिवेशवाद का असर भी भाषा पर पड़ा है।

मलयालं का संधि-विच्छेद है - *मलै*(मूलशब्द : मलय - अर्थ : पर्वत) + *अळम*(मूलशब्द : आलयम - अर्थ : स्थान)। इस भाषा के भाषिक भारत के पश्चिमी घाट के गर्भ में निवास करते हैं और इसी कारण यह नाम पड़ा है। इसका सही उच्चारण 'मलयाळम्' होता है।

मलयालम भाषा अथवा उसके साहित्य की उत्पत्ति के संबंध में सही और विश्वसनीय प्रमाण प्राप्त नहीं हैं। फिर भी मलयालम् साहित्य की प्राचीनता लगभग एक हजार वर्ष तक की मानी गई हैं। भाषा के संबंध में हम केवल इस निष्कर्ष पर ही पहुँच सके हैं कि यह भाषा संस्कृतजन्य नहीं है - यह द्रविड़ परिवार की ही सदस्या है। परंतु यह अभी तक विवादास्पद है कि यह तमिल से अलग हुई उसकी एक शाखा है, अथवा मूल द्रविड़ भाषा से विकसित अन्य दक्षिणी भाषाओं की तरह अपना अस्तित्व अलग रखनेवाली कोई भाषा है। अर्थात् समस्या यही है कि तमिल और मलयालम् का रिश्ता माँ-बेटी का है या बहन-बहन का।

मलयालम भाषा के उद्‌गम के बारे में अनेक सिद्धान्त प्रस्तुत किए गए हैं। एक मत यह है कि भौगोलिक कारणों से किसी आदि द्रविड़ भाषा से मलयालम एक स्वतंत्र भाषा के रूप में विकसित हुई। इस के विपरीत दूसरा मत यह है कि मलयालम तमिल से व्युत्पन्न भाषा है। ये दोनों प्रबल मत हैं। सभी विद्‌वान यह मानते हैं कि भाषाई परिवर्तन की वजह से मलयालम उद्भूत हुई। तमिल, संस्कृत दोनों भाषाओं के साथ मलयालम का गहरा सम्बन्ध है। मलयालम का साहित्य मौखिक रूप में शताब्दियाँ पुराना है। परंतु साहित्यिक भाषा के रूप में उसका विकास 13 वीं शताब्दी से ही हुआ था। इस काल में लिखित 'रामचरितम्' को मलयालम का आदि काव्य माना जाता है।

यद्‌यपि मलयालम के प्रारंभिक काव्य के रूप में 'रामचरितम्' को माना जाता है फिर भी केरल की साहित्यिक परंपरा उससे भी पुरानी मानी जा सकती है। प्राचीन काल में केरल को 'तमिळकम्' का भाग ही समझा जाता था। दक्षिण भारत में सर्वप्रथम साहित्य का स्रोत भी तमिळकम की भाषा को ही माना जाता है । तमिल का आदिकालीन साहित्य 'संगम कृतियाँ नाम से जाना जाता हैं। संगमकालीन महान रचनाओं का सम्बन्ध केरल के प्राचीन चेर-सामाज्य से रहा है। 'पतिट्टिप्पत्तु' नामक संगमकालीन कृति में दस चेर राजाओं के प्रशस्तिगीत है। 'सिलप्पदिकारं' महाकाव्य के प्रणेता इलंगो अडिगल का जन्म चेर देश में हुआ था। इसके अतिरिक्त तीन खण्डों वाले इस महाकाव्य का एक खण्ड 'वंचिक्काण्डम' का प्रतिपाद्‌य विषय चेरनाड में घटित घटनाएँ हैं। संगमकालीन साहित्यिकों में अनेक केरलीय साहित्यकार हैं।

रामचरितम् काव्य

मलयालम् साहित्य के इतिहास का प्रभात गीतों से गुंजायमान है। इनमें भक्ति, वीररस और हास्यरस के गीतों के साथ साथ प्रौढ़ काव्य भी विद्‌यमान हैं। इन प्रौढ़ रचनाओं में "रामचरितम्" का स्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसकी विषयवस्तु रामायण के लंका कांड की कथा है। केरल के चीरामन नामक कवि ने इसकी रचना की है। अनुसंधानकर्ताओं का यही मत है कि रामचरितम् का रचनाकाल 13वीं शताब्दी है।

रामचरितम् की रचना उस काल में हुई थी जब संस्कृत का प्रसार केरल में जम चुका था और मणिप्रवालम् नामक मिश्र भाषा विकसित हो रही थी। रामचरितम् में संस्कृत के तत्सम एवं तद्भव शब्दों का प्रयोग प्रचुर मात्रा में मिलता है। परंतु द्रविड़ अक्षरों द्वारा लिखे जाने के कारण इनके रूपों में थोड़ा परिवर्तन आया है।

**मणिप्रवाल साहित्य**

सातवीं सदी ईसवी से लेकर आगे कुछ समय तक केरल के सांस्कृतिक क्षेत्र में आर्यवंशज नंपूदिरियों का काफी प्रभाव रहा। अधिकतर शोधकर्ताओं का यही मत है कि वे बहुत पहले ही केरल में आ चुके थे। इन्हीं के प्रभाव से केरल में मणिप्रवालम् नामक मिश्र भाषा का विकास हुआ। 10वीं और 15वीं सदी ईसवी के मध्य मणिप्रवाल साहित्य की अत्यधिक पुष्टि हुई। इसी मणिप्रवाल के माध्यम से संस्कृत के अनेक काव्यरूपों का संक्रमण मलयालम् में हुआ। चंपू काव्य, संदेश काव्य इत्यादि का उदाहरण हम ले सकते हैं। "उण्णियच्ची चरितम", उण्णिच्चिरुतेवीचरितम्" और उण्णियाटी "चरितम्" प्राचीन मणिप्रवाल चंपू हैं। जैसा इनके नामों से विदित होता है, इनकी विषयवस्तु कुछ विख्यात सुंदरियों की प्रशस्ति है।

10वीं और 15वीं सदियों के बीच कुछ लघु मणिप्रवाल कृतियों की भी रचना हुई। इनमें से अधिकतर कुछ विलासवती सुंदरियों से संबद्ध श्रृंगारस की रचनाएँ हैं। इलयच्चि, चेरियच्चि, उत्तराचंद्रिका, कौणोत्तरा, मल्लीनिलाव, मारलेखा इत्यादि नायिकाओं का वर्णन इनमें सम्मिलित है।

मणिप्रवाल साहित्य के प्रसार ने उस भाषारूप के व्याकरण नियमों एवं साहित्यिक लक्षणों का विवरण देनेवाली एक शास्त्रग्रंथ की रचना को प्रेरणा दी। इस ग्रंथ का नाम है " लीलातिलकम्"। यह अनुमान किया जा सकता है कि "लीलातिलकम्" 14वीं सदी में लिखा गया है।

यदि एक तरफ मणिप्रवाल साहित्य का विकास होता गया तो दूसरी तरफ "पाट्टु" (गीत) नामक काव्यशाखा की भी वृद्धि होती गई। जैसा ऊपर कहा गया है, इस शाखा में धार्मिक एवं खेती और अन्य पेशों से संबद्ध अनेक लोकगीत हैं। तोरम् पाट्टु (अवतारगीत--कालीस्तुति), सर्पम् पाट्टु (सर्पस्तुति गीत), अय्यप्प पाट्टु (अय्यप्प देवता का स्तुतिगीत) इत्यादि का संबंध आचार मर्यादाओं और धार्मिक विषयों से है। कृषिप्पाट्टु (कृषि-गीत), आररुपाट्टु (धान के पौधे लगाते वक्त गाया जानेवाला गीत), वल्लप्पाट्टु (नौका गीत) इत्यादि दूसरे वर्ग में आते हैं। इन गीतों के मूल घटक हैं--स्वर, ताल और लय।

उपर्युक्त सारे काव्य पुराणकथाओं के पुनराख्यान हैं। परंतु पंद्रहवीं शताब्दी में आविर्भूत "कृष्णगाथा" केवल पुराण का पुनराख्यान मात्र नहीं है। इसमें भागवत के दशम स्कंध में वर्णित कृष्णगाथा का अन्वाख्यान इस प्रकार साबित हुआ है कि संस्कृत महाकाव्यों का रूपशिल्प मंजरी छंद में--जो द्राविड छंदों के परिणत प्रकारों में से एक है--अवतरित हुआ है। अत: कृष्णगाथा को मलयालम् का सर्वप्रथम स्वतंत्र महाकाव्य मान सकते हैं। ऋतुओं के कवि के नाम से प्रख्यात कृष्णगाथाकार ने प्रकृतिवर्णनों द्वारा नूतन सौंदर्य प्रपंचों का साक्षात्कार कराया। सुरीली

गानविधा, ललित और कोमल पदावली, चिरनूतन कल्पनाएँ--इनके कारण कृष्णगाथा एक सम्मोहनकारी रचना बन गई है।

**प्रसिद्ध कवि एषुत्तच्छन्**

पाट्टु शाखा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण विभाग "किलिप्पाट्टु" है। तुँचत्त एषुत्तच्छन को इस विधा का संस्थापक मानते हैं। इसमें "किलि" अर्थात् तोते की जबानी कथाख्यान होता है, इसलिए इसे किलिप्पाट्टु कहते हैं। एषुत्तच्छन् का काल 16वीं शताब्दी का पूर्वार्ध है। इस जमाने में केरल एक प्रकार की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक शिथिलता का अनुभव कर रहा था। इस अध:पतन से केरल का अभ्युत्थान कराने हेतु अवतरित दिव्य पुरुष के रूप में ही केरल की जनता आज भी एषुत्तच्छन् को मानती है। उन्होंने भक्ति के उद्बोधन से जनता को प्रबुद्ध किया। नामदेव, कबीर, चैतन्य, सूरदास, तुलसीदास, माणिक्कवाचकर, कंपर इत्यादि भक्त कवियों से भास्वर नभोमंडल में केरल की दिशा से उदित तारक एषुत्तच्छन हैं। उन सबकी भाँति एषुत्तछन् भी जनता को जाग्रत एवं उद्बुद्ध करने में सफल हुए। रामायण, महाभारत और भागवत, इन तीनों के संक्षिप्त अनुवाद के माध्यम से एषुत्तच्छन् ने समस्त केरलवासियों के हृदयों में सीधे प्रवेश पाया। कैरली को एक नूतन गरिमा, गंभीरता, शालीनता और स्वावलंबन प्राप्त हुआ। इसी अर्थ में एषुत्तच्छन् को मलयालम् साहित्य का पिता मानते हैं। वे ही ऐसे कवि हैं जो झोपड़ियों और महलों में समान रूप से समादृत हैं।

पाट्टु विभाग में दूसरा भक्तिप्रधान गानकाव्य "पूंतानम्" की "ज्ञानप्पाना" है। पूंतानम् के अन्य स्तोत्र भी ललित, कोमल और भक्तिसुधा से ओतप्रोत है।

इस विभाग की अन्य उल्लेखनीय रचनाएँ कुछ लोकगीत और "वटक्कन पाट्टु" (उत्तरी गीत) तथा "तेक्कन पाट्टु" (दक्षिणी गीत) के नामों से विख्यात कुछ आख्यानात्मक गान काव्य हैं। जैसा नामों से विदित होता है, ये गीत क्रमश: उत्तर और दक्षिण केरल की वीरगाथाएँ हैं। उत्तरी गीतों की भाषा आधुनिक मलयालम् से मिलती जुलती है, परंतु दक्षिणी गीतों में भाषा का तमिल से सामीप्य अधिक है।

**तुल्लल साहित्य उद्भावक कुंचन नंप्यार**

18वीं सदी के ऊषाकाल में एक महान तेज:पुंज का उदय हुआ--तुल्लल्-साहित्य के उपज्ञाता कुंचन नंब्यार का। संभव है, तुल्लल जैसे कलारूप पहले भी रहे हों। परंतु इसमें संदेह नहीं कि इसी प्रतिभाशाली कवि ने तुल्लल को एक आंदोलन के रूप में विकसित किया। एक प्रकार से तुल्लल को नृत्यात्मक एकाभिनय कह सकते हैं। तुल्लल गीत इसका आधारस्वरूप साहित्य है। नंप्यार ने तुल्लल गीतों के कथानक के रूप में पुराणों के उपाख्यान ही लिए हैं। फिर भी वर्णनों में आनेवाला वातावरण पौराणिक न होकर केरल के समसामयिक जनजीवन से मेल खानेवाला है। नंप्यार ने पौराणिक इतिवृत्तों के माध्यम से तत्कालीन जीवन की वैयक्तिक और सामाजिक विकलाताओं पर तीखे व्यंगबाण चलाए हैं। इनके इस परिहास की तेज धार का लक्ष्य समाजशरीर के व्रणों की चीर फाड़ करना था। तुल्लल् साहित्य में हास्य -व्यग्य विधा का अत्यधिक संपन्न काव्यालोक दर्शनीय है। इस विषय में कोई भी इनके समक्ष नहीं आता, न इनके पहले, न बाद में। यदि परिहास को सफल बनाना है तो सूक्ष्म, निर्मम और व्यापक मर्मबोध

अपेक्षित है। यह सिद्धि प्रचुर मात्रा में होने के कारण नंब्यार का हास्य आदर्श है। उनके हास्य और मर्मोक्तियों में विद्वेष की ज्वाला हीं चुभती, वरन् हार्दिक सहानुभूति और मानव प्रेम का चैतन्य भी स्फुरित होता है।

कुंचन नंप्यार के बाद कुछ समय तक की अवधि मलयालम् के लिये अंधकारमय है। करीब आधी शताब्दी तक को इस अवधि में किसी ज्योति का उदय नहीं हुआ। बाद में स्वाति तिरुनाल (राजा) के युग का सुप्रभात हुआ। इरयिम्मन तंपि (1783-1856) किलिमानूर कोयित्तंपुरान इत्यादि आट्टक्कथाकारों ने स्वातितिरुनाल् का प्रश्रय पाया। स्वाति तिरुनाल स्वयं कवि थे और उन्होंने हिंदी में भी गीत लिखे थे।

नाटक, महाकाव्य, तथा उपन्यास

इसके बाद केरल वर्मा कोयित्तपुरान के काल (1845) से मलयालम् साहित्य के आधुनिक युग का प्रारंभ हो जाता है। साहित्यसार्वभौम की उपाधि से विभूषित इस प्रतिभाशाली लेखक के नेतृत्व में साहित्य में एक नवजागरण आ गया। "मयूरसंदेशम्" नामक संदेश काव्य, "शाकुंतलम्" नाटक का अनुवाद और अकबर नामक उपन्यास उनकी रचनाओं में मुख्य हैं। उनके शाकुंतल अनुवाद के साथ मलयालम् में संस्कृत नाटकों के अनुवादों की बाढ़ सी आई। चात्तुक्कुट्टि मन्नाटियार, कुंजिक्कुट्टन तंपुरान, कोट्टारत्तिल शंकुण्णि इत्यादि ने इस शाखा की पुष्टि की। संस्कृत नाटकों की ही तरह स्वतंत्र मलयालम् नाटक भी लिखे गए। केरल वर्मा के भागिनेय राजराज वर्मा ने भी कालिदास आदि के ग्रंथों को अनुवाद किया। इन्हीं राजराज वर्मा ने मलयालम् को "केरलपाणिनीयम्" नामक व्याकरण ग्रंथ और "वृत्तमंजरी" नामक छंदशास्त्र ग्रंथ प्रदान किया था।

गद्य- साहित्य में उपन्यासों का उदय भी उन्नीसवीं सदी में केरल वर्मा युग में ही हुआ था। प्रथम उपन्यास अप्पु नेटुंङ्याटि लिखित "कुदलता" है। एक दो साल में (1889 में) चंतु मेनन ने इंदुलेखा का प्रकाशन किया। चंतु मेनन ने "शारदा" नामक उपन्यास का प्रथम भाग लिखा--और दूसरे भाग की रचना करने के पहले ही स्वर्ग सिधार गए। इंदुलेखा और शारदा आज भी मलयालम् के सामाजिक उपन्यासों की प्रथम श्रेणी में स्थित हैं। सामाजिक उपन्यासकारों में चंतु मेनन की प्रतिभा अद्वितीय है।

तीन ऐतिहासिक उपन्यासों "मार्तंड वर्मा" (1891) "धर्मराजा" (1913) और "रामराजा बहादुर" (1917-20) के लेखक सी. वी. रामन पिल्ला ऐतिहासिक उपन्यास के क्षेत्र में विशेष प्रसिद्ध हैं। उनके सामाजिक "प्रेमामृतम्" का महत्व इतना अधिक नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके जीवन का उद्देश्य ही ऐतिहासिक उपन्यासों द्वारा मलयालम् की गरिमा बढ़ाने का था।

स्वच्छंतावादी आंदोलन

अब हम मलयालम् के स्वच्छंदतावादी आंदोलन (अर्थात् रोमांटिसिज़्म, जो मलयालम् में काल्पनिक प्रस्थानम् के नाम से प्रसिद्ध है) के युग में आ जाते हैं। वी. सी. बालकृष्ण पणिक्कर का "ओरु विलापम्" (1895) इत्यादि इस प्रसंग में स्मरणीय हैं। परंतु कुमारन् आशान् का "वीण पूवु" (पतित कुसुम) ही इस आंदोलन की प्रारंभिक रचनाओं में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मलयालम् का स्वच्छंदतावाद आशान् की कविताओं के रूप में पल्लवित और पुष्पित हुआ। नलिनि, लीला,

चिंताविष्टयाय सीता, चंडालभिक्षुकी, प्ररोदनम्, दुरवस्था, करुणा इत्यादि इनकी मुख्य रचनाएँ हैं। आशान् जिस काव्य प्रपंच को अनावृत्त करने में सफल हुए वह गंभीर दार्शनिकता, जीवनदर्शन का अदम्य कौतूहल और तीव्र भावविभोरता से भास्वर है। आशान् ही वह कवि थे जिन्होंने श्रृंगार को सामान्य धरातल से स्वर्गिक विशुद्धता तक पहुँचाया। आध्यात्मिक प्रेम की सुन्दर कल्पना ने उनकी कविता को प्रभापूरित किया है।

वल्लत्तोल् की सफलता इसमें थी कि वे मानव के मानसिक भाव को काल्पनिकता का परिधान देकर सुंदर रूप में प्रस्तुत कर सके। उन्होंने 1909 में बाल्मीकि रामायण का अनुवाद किया। 1910 में "बधिरविलापम्" नामक विलापकाव्य लिखा। इसके बाद उन्होंने अनेक नाटकीय भावकाव्य लिखे--गणपति, बंधनस्थनाय अनिरुद्धन्, ओरू कत्तु (एक खत), शिष्यनुम् मकनुम् (शिष्य और पुत्री), मग्दलन मरि यम्, अच्छनुम् मकनुम (पिता पुत्री) कोच्चुसीता इत्यादि। सन् 1924 के बाद रचित साहित्यमंजरियों में ही वल्लत्तोल के देशभक्ति से ओतप्रोत वे काव्यसुमन खिले थे जिन्होंने उनको राष्ट्रकवि के पद पर आसीन किया। एन्ने गुरुनाथन (मेरे गुरुनाथ) इत्यादि उन भावगीतों में अत्यधिक लोकप्रिय हैं। जीवन के कोमल और कांत भावों के साथ विचरण करना वल्लत्तोल को प्रिय था। अंधकार में खड़े होकर रोने की प्रवृत्ति उनमें नहीं थी। यह सत्य है कि पतित पुष्पों को देखकर उन्होंने भी आहें भरी हैं, परंतु उनपर आँसू बहाते रहने के बजाय विकसित सुमनों को देखकर आह्लाद प्रकट करने की प्रवृत्ति ही उनमें अधिक हैं।

"उमाकेरलम्" नामक महाकाव्य की रचना करके काव्यजगत् में अपना नाम अमर करनेवाले उल्लूर ने अनेक खंडकाव्यों और भावगीतों की भी रचना की। पिंगला, कर्णभूषणम्, भक्तिदीपिका, चित्रशाला इत्यादि खंडकाव्यों और किरणावली, ताराहारम् तरंगिणि इत्यादि कवितासंग्रहों द्वारा उन्होंने मलयालम् की श्रीवृद्धि की है। परंतु इस महाविद्वान् और भाषाभिमानी साहित्यकार की स्मृति मलयालम प्रेमियों के हृदयों में शायद केरल साहित्य चरित्रम् के लेखक के रूप में ही मुख्य रूप से रहेगी।

इस समय के अन्य कुछ कवियों के नाम ये हैं - नालप्पाट्टु नारायण मेनन (इनकी सर्वश्रेष्ठ रचना कण्णुनीरतुल्लि अश्रुबिंदु नामक विलापकाव्य है); करिरप्पुरत्त, केशवन नायर (काव्योपहारम् नव्योपहारम् इत्यादि भावगीत संग्रह); के के राजा (अनेक भावगीत और एक विलापकाव्य, बाष्पांजली, इन्होंने लिखी है), इत्यादि।

जी शंकर कुरुप, वेण्णिक्कलुम् गोपाल कुरुप, पी कुंञिरामन् नायर इत्यादि कवियों का जन्म 20वीं सदी के प्रथम दशक में हुआ है। इटप्पल्लि कविद्वय (इटप्पल्लि राघवन पिल्ला और चडङंपुषा कृष्ण पिल्ला), वैलोप्पिल्लि श्रीधर मेनन इत्यादि इनके थोड़े ही साल बाद के हैं। इटप्पल्लि कवियों ने, खासकर चङ्ङम्पुषा ने डेढ़ दशाब्दियों की अवधि में जितना कार्य करके संसार से बिदा ली है उतना पूर्ण पुरुषायु में भी किसी कार्य के द्वारा असाध्य है। मलयालम् के स्वच्छंतावाद के आंदोलन के लिये उनकी देन अमोघ है। जी. शंकर कुरुप, बालामणि अम्मा, पी. कुंञिरामन् नायर इत्यादि ने भी इस आंदोलन को संपन्न किया है।

प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार के विजेता जी. शंकर कुरुप के भावगीतों में 20वीं सदी के भारतीय जनजीवन में अनुभूत पीड़ाओं, व्यामोहों, मोहभंगों, प्रतीक्षाओं, अभिलाषाओं, इच्छा साक्षात्कारों का ऐसा चित्रण हुआ है कि वे अंतरात्मा की गहराइयों तक पहुँच जाते हैं। इसके अतिरिक्त वे गीत मानव की आध्यात्मिक एवं मानसिक भावानुभूतियों को प्रतीकात्मक या अन्य रूप में व्यक्त करते हैं। मलयालम् की आत्मगीत शाखा को आज की ऊँचाइयों तक उठानेवाले कवियों की श्रेणी में जी. शंकर कुरुप का स्थान सर्वोपरि है। (ओटक्कुषल, पाथेयम्, जीवनसंगीतम् इत्यादि जी. के मुख्य कवितासंग्रह हैं। विश्वदर्शनम् नामक संग्रह ने साहित्य अकादमी का पुरस्कार पाया है।

**आधुनिक गद्य साहित्य**

मलयालम् के उपन्यास साहित्य, नाटक साहित्य और कहानी साहित्य का विकास भी 20वीं सदी में हुआ। चंतु मेनन और सी. वी. रामन पिल्ला के बाद कुछ समय तक उपन्यास शाखा में अनुकरणों का प्रधानता रही। अप्पन् तंपुरान् द्वारा लिखित "भूतरायर" नामक ऐतिहासिक उपन्यास और "भास्कर मेनन" नामक जासूसी उपन्यास, टी. रामन नंपीशम का केरलेश्वरन्, केइएम. पणिक्कर के "केरलसिंहम्" और "परंकिपटयालि" (पुर्तगाली सैनिक) इत्यादि इस जमाने के मुख्य उपन्यास हैं।

मलयालम् का कहानी साहित्य भारत के किसी भी कहानी साहित्य की तुलना में ऊँचा स्थान प्राप्त कर सकता है। बशीर, अंतर्जनम्, वर्कि इत्यादि कहानीकार सामाजिक अनाचारों और अत्याचारों के विरुद्ध क्रांति की आवाज उठानेवाले लेखक थे। वे अपनी जातियों में पाई जानेवाली अनैतिकाओं को प्रकाश में लाने में सफल हुए। तकषि केशवदेव इत्यादि कहानीकारों ने मनुष्य की सामाजिक और आर्थिक परतंत्रताओं तथा व्यक्ति की दुर्बलताओं और परिमितियों को अपनी कहानियों का विषय बनाया।

ऊपर के अनुच्छेदों में मलयालम् साहित्य का बहुत ही संक्षिप्त परिचय दिया गया है। आज मलयालम् साहित्य भारत की किसी अन्य भाषा के साहित्य से पीछे नहीं है। काव्य और कहानी के क्षेत्रों में शायद मलयालम् साहित्य अन्य भाषा साहित्यों से उच्चतर स्थान पाने के लिये होड़ सी कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मलयालम् साहित्य की श्रीवृद्धि के लिये बहुत सी योजनाएँ बनी हैं और बहुत सी संस्थाएँ भी कायम की गई हैं। विज्ञान परिषद्, इतिहास परिषद्, संगीत परिषद्, कला परिषद्, आदि अच्छी योजना बनाकर काम कर रही हैं। इसके अलावा केरल विश्वविद्यालय तथा केरल सरकार मलयालम् विश्वकोश बनाने की बहुत बड़ी योजनाएँ चला रही हैं। केरल में बहुत से युवक विद्वान् रचनाकार्य में लगे हुए हैं और मलयालम् साहित्य का भविष्य बहुत उज्जवल है।

**********

सम्पादन :राजभाषा अनुभाग

आभार : विविध माध्यम

## *स्वच्छता अभियान*

1) हमारा देश प्राचीन काल में सोने की चिड़िया के नाम से पुकारा जाता था, जो अपने वैभव और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध था / लेकिन समय के बदलाव के साथ स्वच्छता पर अधिक ध्यान न देने के कारण, देश में गंदगी बढती गई/ आपने देखा होगा कि हमारे देश का कोई भी राज्य हो,शहर हो, गांव हो, या कोई गली-मोहल्ला हो, वहां पर आपको कूड़े-करकट का ढेर अवश्य दिख जायेगा।

2) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शिक्षा दी थी /स्वच्छता को उन्होंने ईश्वर की भक्ति के बराबर माना था / महात्मा गांधी ने "स्वच्छ भारत" का एक ऐसा सपना देखा था जहां सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने का कार्य करेंगे। गाँधी जी ने देश को गुलामी से मुक्त तो किया, परन्तु 'स्वच्छ भारत' का उनका सपना पूरा नहीं हो सका।

3) यह लिखते हुए मुझे बहुत दुख होता है कि लोगों का खुले में शौच करना, देश की एक बड़ी समस्या है। भारत में 70 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को शौच के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। इससे संक्रमण व अन्य बीमारियां फैलती हैं/ भारत की जनसख्या 130 करोड़ है और जिसमे करीब 50 प्रतिशत लोगों के पास शौचालय नहीं है। हमारे देश में बहुत सारी छात्राएं स्कूल में शौचालयों की कमी के कारण अपनी शिक्षा को बीच में ही छोड़ देती हैं/

केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शहरी भारत में हर साल 4.7 करोड़ टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है। इसके अलावा 75 प्रतिशत से ज्यादा सीवेज का निपटारा नहीं होता है, ठोस कचरे की रिसाइकलिंग भी एक बड़ी समस्या है। भविष्य में और बड़ी समस्या से बचने के लिए, आज इन समस्याओं से निपटना जरुरी है।

4) स्वतंत्रता के सत्तर साल बाद, महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए, भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरुवात की और इसकी सफलता हेतु भारत के सभी नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

5) इस अभियान का उद्देश्य 2014 से पांच वर्ष के अंदर, स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है, ताकि बापू की 150वीं जयंती को इस लक्ष्य की उपलब्धि के रूप में मनाया जा सके। माननीय प्रधानमंत्री ने सचिन तेंदुलकर, कमल हसन जैसी नौ प्रसिद्ध हस्तियों को आमंत्रित किया ताकि वह भी स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग दें, और वे अपने साथ और नौ लोगों को जोड़ें, ताकि एक मानव श्रृंखला बन सके।

6) स्वच्छता अभियान एक बड़े पैमाने पर जन आंदोलन है। इस मिशन में सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

7) शहरी क्षेत्रों के लिए इस अभियान का उद्देश्य है कि हर परिवार के पास शौचालय की सुविधा हो, इसके अलावा पर्यटन स्थलों, बाजारों, बस स्टेशनों व रेलवे स्टेशनों जैसे प्रमुख स्थानों पर भी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हो । यह कार्यक्रम पांच साल की अवधि में 4401 शहरों में लागू किया जाएगा।

8) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इस अभियान का उद्देश्य है कि लोगों को स्वच्छता सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराना, जिससे उनका जीवन बेहतर हो सके/ इस अभियान का उद्देश्य है कि पांच वर्षों में भारत को खुले में शौच से मुक्ति दिलाना है। इस अभियान में प्रत्येक घर में शौचालय बनाने के लिए 12,000 रुपये दिए जाते हैं /

9) विद्यालयों के लिए इस अभियान का उद्देश्य है कि कक्षाओं , प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों आदि की सफाई हो, खेल के मैदान, स्कूल के बगीचों का रख-रखाव व सफाई और स्वच्छता के ऊपर निबंध, वाद-विवाद, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का योजन हो ।

10) भारत के इस स्वच्छता अभियान को देश-विदेशों में सराहा गया है, परन्तु इस अभियान ने अबतक मात्र 80 प्रतिशत लक्ष्य को ही प्राप्त किया है / सिर्फ सरकार इसे सफल नहीं बना सकती, लोगों की भागीदारी और जिम्मेदारी सबसे ज्यादा जरूरी है। सरकार और लोगों के प्रयासों से, भारत अवश्य ही एक दिन स्वच्छ देश बनेगा / कविता की ये पंक्तियां सभी को स्मरण करने की आवश्यकता है :

ये सच है की आज़ाद हैं हम,
मिट्टी से सुगंध ये आती है,
ऐ जान से प्यारे हमवतनों,
अभी काम बहुत कुछ बाकी है
अभी काम बहुत कुछ बाकी है /

निष्का सिंह
कक्षा छठी
केंद्रीय विद्यालय, एन ए डी, अलुवा
सुपुत्री श्री शशि कान्त सिंह
निरीक्षक

## जिंदगी सफर बडा, राह भी अजीब हैं।

जिंदगी सफर बडा, राह भी अजीब हैं।

हर एक मुकाम के लिए, मुश्किलें खडी भी हैं।

इस पथ को चुनू या लौट जाऊं यहां से,

मन के सामने विडम्बना अजीब है।

फिर ख्याल आता कभी, कि क्यूं विराम की तलाश में, मन मचल रहा मेरा

ऊँचाई कितनी भी हो, फासला तय कदम ही करे।

मन जो ठान ले एक बार तो चोटियाँ भी मैदान बनें।

**..आशा, निरीक्षक**

# ब्रॉडवे, एर्णाकुलम

ब्रॉडवे शब्द जब सुनेगा तब लोग सोचने लगेंगे -"न्यूयॉर्क शहर में स्थित ब्रॉडवे (ब्रॉडवे थिएटर) - के बारे में मैं कुछ कहने वाली हूँ | ..जी नहीं जनाब|
हम कहना चाहते हैं हमारी अपनी - ब्रॉड़वे सड़क ..
बचपन में, माँ के साथ आई थी यहाँ .. अब माँ नहीं है ..फिरभी उनकी यादें लेकर अब मैं अक्सर आती हूं यहाँ..यहाँ का **कॉफ़ी हाउस** ख़ास जगह थी उनकी, उनके पिताजी भी उन्हें लेकर यहाँ आये करते थे | कई पीढ़ियों की कहानी बताती है हमारी ब्रॉडवे |

ब्रॉडवे एक शॉपिंग स्ट्रीट है जो भारत के केरल राज्य में कोच्चि (एर्णाकुलम) में स्थित है। यह शहर के सबसे पुराने खरीदारीवाले क्षेत्रों में से एक है। शहर के अन्य खरीदारी स्थलों की तुलना में, यहाँ कीमतें भी कम हैं |

ब्रॉडवे एर्णाकुलम शहर की एक साधारण सड़क मात्र नहीं है. यह इस शहर का नब्ज है. नाडी है, धड़कन तत्रिका है | हर कोने में एक आश्चर्यचकित कर देने वाली बात होती है | चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, आप, लोगों के समुद्र में होंगे और आरामदायक खुशबू आ रही होगी | 20 वीं सदी से ब्रॉडवे ने व्यापारियों और ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित किया है ।

20 वीं शताब्दी की शुरुआत में ब्रॉडवे, एर्णाकुलम की एकमात्र खरीदारी सड़क थी। शुरुआत में शापिंग स्ट्रीट मट्टानचेरी में स्थित था। जब अंग्रेजों ने डच से कोचीन पर कब्जा कर लिया, तो बाजार मट्टानचेरी से निकलकर कोच्चि चला गया, जिसमें सेफ्टी पिन से लेकर कपड़े और हार्डवेयर तक सब कुछ था। यहाँ की **"हार्डवेयर स्टोर** 140 साल पुरानी है | अपने शुरुआती दिनो में, दुकान ने सभी प्रकार की निर्माण सामग्री और पानी की बाल्टी सहित सेनेटरी वेयर बेचे, जिनमें से अधिकांश जर्मनी से आयात किए गए थे। अब, यह जन शक्ति और जगह की कमी के कारण अकेले हार्डवेयर बेचता है। फायरवर्क्स यूनिट अभी भी दुकान के भीतर काम करती है।

लगभग 40 साल पहले, ब्रॉडवे (सड़क) जहां समाप्त होता है (जहां नहर के ऊपर छोटा पुल है) बैलगाड़ी के लिए एक पार्किंग स्टेशन था। षणमुखम रोड़ और वर्तमान का मरीन ड्राइव तब नहीं थे । आज के **बेकरी** के स्थान पर, एक विशाल बरगद का पेड़ था। यह छोटी छोटी नौकाओं के लिए एक घाट भी था। इस जगह को **आलिंनकडवु** नाम से जाना जाता था।

ब्रॉडवे की ओर जाने वाली सड़क एर्णाकुलम की पहली मैकडैम (गिट्टी डाली गई सड़क) सड़कों मे से एक थी और यही कारण बताया जा रहा है कि ब्रॉडवे को **'ब्रॉडवे'** नाम मिलने के लिए|

ब्रॉडवे शॉपिंग स्ट्रीट में दो किलोमीटर के दायरे की सड़क है, जो मरीन ड्राइव, कोच्चि और एम.जी. रोड के बीच स्थित है। इस क्षेत्र में संकीर्ण सड़कें है, जो इसके नाम से काफी विपरीत है। मार्केट कैनाल, ब्रॉडवे और मार्केट रोड से गुजरती है। खरीदारी सडक एक कार-मुक्त पैदल क्षेत्र है। ब्रॉडवे एर्णाकुलम मार्केट के समीप है जहां कई थोक दुकानें भी हैं।

ब्रांडवे एक ऐसी जगह थी जहाँ व्यापार पनपता था। जैसे कि यहां का **एक दूकान** सड़क के शुरुआत से यहाँ पर है। वे एर्णाकुलम में सबसे पुराने तंबाकू और कपडा व्यापारी थे। वे विनीज़ सिल्क्स के थोक व्यापारी भी थे |

20 वीं सदी की शुरुआत से ही प्रतिष्ठित दर्जियों का एक गुट ब्रॉडवे में था । उनमें से प्रमुख थे **एक कंपनी**, जिसने उस समय सबसे अच्छे थ्री-पीस सूट बनाए, एक दो अन्य कंपनियां भी थीं जिस में एक राज्य शोफरों(वर्दी धारी सरकारी मोटर चालकों) के लिए बनाई गई वर्दी के लिए प्रसिद्ध थी। एक **सिल्क पैलेस**, 1920 के दशक में पालक्काड़ के एक व्यापारी द्वारा स्थापित किया गया था जो कपड़ों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान(हॉटस्पॉट)था |

कुछ व्यवसाय मर गए या समय के साथ अप्रासंगिक हो गए। यहाँ पर एक भवन है **(हॉल)** जो एक पूर्व एंग्लो इंडियन लकड़ी व्यापारी अल्फ्रेड लुईस का घर था। 1915-16 में निर्मित इस भवन के भूतल को इंडियन कॉफी हाउस और पहली मंजिल को इंडियन एयरलाइंस किराए पर दिया गया था।

शादी के कार्ड के लिए प्रसिद्ध यहाँ का एक **कंपनी** सही मायने में एक सफल व्यापारी है, उन्होंने सौ वर्षों से अधिक काल इस स्थान पर व्यापार किया है| 1899 में शुरू हुई, इस दुकान ने यूरोप से आयातित कागज, टायर और शराब का कारोबार किया। वर्ष 1940 से ही वे शादी के कार्ड पर ध्यान केंद्रित करने लगे |

समय के साथ, सड़क ने अधिक व्यापारियों का स्वागत किया। मट्टाचेरी में केंद्रित मसाला व्यापार ब्रॉडवे में स्थानांतरित हो गया। आज, यह थोक दरों पर मसाले खरीदने के लिए एक केंद्र है।

समय के साथ चलना महत्वपूर्ण है, तमिलनाडु से पधारे भाइयों ने 1917 में क्लॉथ बाजार रोड पर एक कपड़ा स्टोर की स्थापना की। कंपनी ने दो नए स्टोर खोले हैं | तमिलनाडु के तिरुनेलवेली के कपडा व्यापारियों का परिवार कोच्चि आया था। यह कहा जाता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, केरल में कपड़े की कमी थी।

यहाँ के दुकानदार कई बाधाओं का सामना करते हैं, जैसे कि पार्किंग स्थान की कमी, भीड़ आदि | फिर भी उनके पास एक वफादार ग्राहक गण है जो पीढ़ियों से चलते आ रहे हैं क्योंकि ब्रॉडवे अभी भी उपभोक्ताओं के लिए आनंददायक स्थान है |

ब्रॉडवे में, कोई भी लगभग सब कुछ पा सकता है - पुराने तांबे के बर्तनों से लेकर नवीनतम फैशन के कपड़ों, आभूषणों, किताबों, इत्र, मसालों तक। यहां तक कि शहर की सबसे अच्छी फर्नीचर दुकानों में से एक भी मिल सकती है। ब्रोडवे में इलेक्ट्रॉनिक सामान, चमड़े की वस्तुएं, स्टेशनरी, घड़ियां, आभूषण और छतरियां बेचने वाली कई सड़क किनारे दुकानें हैं। ब्रॉडवे सड़क पर कोच्चि का मसाला बाज़ार एक थोक बाज़ार है जहाँ कोई अच्छी गुणवत्ता के मसाले खरीद सकता है।

क्रिसमस स्टार की दुकानों की एक सड़क

आज ब्रॉडवे में नई पीढ़ी की दुकानें भी देखने को मिलती है | एर्णाकुलम में पीक शॉपिंग सीजन विशु, ओणम और क्रिसमस के त्योहारो के दौरान होता है।

कॉरपोरेशन ने ब्रॉडवे के लिए कई नवीकरण योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2013 में, ब्रॉडवे का संरक्षण प्रयास हेतु JNNURM परिवर्तन काल निधिकरण अवधि के तहत निधिकरण (धन प्राप्ति) के लिए एक संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई थी, जिस में परियोजना के लिए अनुमानित लागत रु 25 करोड़ थी।

उम्मीद करती हूँ कि ब्रॉडवे का स्वर्ण काल फिर से देखने को मिलेगा |

**संपादन :रोसेलिंड जोस**

**[विविध माध्यमों से संपादित]**

## ज़िन्दगी : एक किताब

काश, ज़िंदगी, सचमुच एक किताब होती |
पढ़ सकता मैं, कि आगे क्या होगा,
क्या पाऊँगा मैं और क्या दिल खोयेगा ||
कब थोड़ी खुशी मिलेगी, कब दिल रोयेगा, |
काश ज़िंदगी सचमुच एक किताब होती ||

फाड सकता उन लम्हों को,
जिन्होंने मुझे रुलाया है |
जोड़ सकता कुछ पन्नों को,
जिनकी यादो ने मुझे हँसाया है ||

हिसाब तो लगा पाता कि
कितना खोया और कितना पाया है |
काश जिंदगी सचमुच एक किताब होती ||

वक्त से आँखें चुराकर पीछे चला जाता
टूटे सपनों को फिर से अरमानों से सजाता,
कुछ पल के लिए थोडी खुशी और बटोर लाता |
काश ज़िंदगी सचमुच एक किताब होती ||

ज़िंदगी के सभी अनुभव,
खट्टे - मीठे, कड़ुवे - तीखे, शब्दों की माला में पिरोता,
खुद भी पढता औरों को भी पढाता |
आने वाले कल को बीते कल की याद दिलाता,
काश जिंदगी सचमच एक किताब होती ||

**********

## बचपन का ज़माना

एक बचपन का ज़माना था,
जिसमें खुशियों का खजाना था |
चाहत चाँद को पाने की थी,
पर दिल तितली का दिवाना था |
खबर न थी कुछ सुबह की,
न शाम का कोई ठिकाना था |
थक कर आना स्कूल से,
माँ की कहानी थी, परियों का फ़साना था |
वारिश में कागज़ की नाव थी,
मौसम सुहाना था |
रोने की वजह न थी,
न हँसने का बहाना था |
न अच्छे -बुरे का ज्ञान था,
न शुभ - अशुभ की चिंता थी |
क्यों हो गये हम इतने बड़े,
इससे अच्छा, वो बचपन का ज़माना था|

**********

श्रीमती अंकिता कुमारी
श्री रवि रंजन[निरीक्षक] की पत्नी

## गर्मी की छुट्टियां

बच्चों के साथ साथ बड़े भी गर्मी की छुट्टियों के इंतजार में रहते हैं ताकि हम बाहर कहीं घूम सके | शहरी जीवन ने हमें यांत्रिक बना दिया है | प्रकृति की खुली हवा में हम स्वच्छंद जाना चाहते हैं | इस बार हमें ऐसा लगा कि पहाड़ों ने हमें बुलाया है |

केरल के पूर्वी ओर पहाडी है | इस इलाके में मून्नार सबसे सुन्दर है | यह चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है | लेकिन हम केवल मून्नार के सौन्दर्य की तलाश में नहीं थे | इस बार हम रुक रुक कर पहाड़ चढ़ेंगे यही इच्छा लेकर चले थे हम | कोचिन - मून्नार के रास्ते में कई ऐसे सुन्दर जगह हैं, जहां की प्रकृति के साथ हम विलीन हो जाते हैं | उनमें से एक है भूतत्तानकेट्टु बाँध **जो** कोतमंगलम शहर से केवल 10 किलीमीटर दूरी पर है | असल में यह पेरियार नदी के ऊपर बनी एक बैराज (आड़) है और मेरे ख्याल से पेरियार नदी यहाँ बहुत सुन्दर दिखती है | घास मैदानों का एक मनोरम दृश्य हमें देखने को मिलता है | यहाँ हमें नदी मार्ग से बोट में चढ़कर जंगल के अन्दर जाने की सुविधा मिलती है | वह एक अद्भुत अनुभव है, जंगली जानवारों को उनके प्राकृतिक वास स्थलों में देखना |

उसी प्रकार यहाँ का जंगल पार्क का भी एक अलग अनुभव है | मोर, बन्दर, सांप, मछली आदि यहाँ है | उल्लू की एक विशाल प्रतिमा है यहाँ जो लोहे के छडों से बनाया गया है, सेल्फी खींचने वालों की एक भयंकर भीड़ वहां होती है | उसके बगल में ही एक तितली पार्क भी है, यहाँ का गाइड हमें हर एक तितली का नाम, रंग और विशेषताएं कितनी अच्छी ढंग से समझाता है | कौन सी तितली कौन से फूल पर बैठता है ..यह तो कुदरत का अनोखा खेल ही है | फूल भी सुन्दर..तितली भी अति सुन्दर |

कोई आयुर्वेद से रुची रखता है तो उस के लिए एक आयुर्वेद बाग़ भी यहाँ है | रोग का नाम लो, निवारण के लिए पेड़ या पौधा हाज़िर | पास ही तट्टेक्काड पक्षी अभयारण्य है, जो विश्वप्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी डॉ सलीम अली की कल्पना से, वर्ष 1983 में स्थापित है | तीन सौ पक्षी प्रजातियां हमें यहां देखने को मिलती है | अभयारण्य के अन्दर गाडी नहीं जायेगी, लेकिन पैदल ही क्यों नहीं पक्षियों के जीवन करीब से देखने पर हम एक अलग दुनिया में चले जाते हैं | सुबह का समय या शाम को यहाँ आना बेहतर होगा | हम पक्षियों को अपने अपने घोंसलों से या तो जाते हुए देख सकते हैं या घोंसलों की ओर वापस आते हुए देख सकते हैं |

अब मून्नार की ओर गाडी निकली है | मून्नार के रास्ते में हम नेल्लिमट्टम गाव, नेरियामंगलम, अडिमाली आदि सुन्दरपहाडी कस्बों से गुजरते है | फिर आता है पल्लिवासल गाव जो मुन्नार से दो किलोमीटर दूरी पर है | इस बार हम पल्लिवासल में ही ठहरे थे | हमारे रिसोर्ट के पिछवाड़े में ही प्रसिद्ध "आट्टुक्काड" झरना बहता है जो हमारे लिए एक आश्चर्यजनक बात बन गई थी | इतनी सुन्दर जगह थी यह, कहीं और जाने का मन ही नहीं था | लेकिन हमारी 12 साल की बेटी को दिखाने के लिए "टी म्यूजियम" देखने गए थे हम | "टी म्यूजियम" भी एक अद्भुत जगह है | बच्चों के लिए खास कर | मून्नार का इतिहास एक डाक्यूमेंट्री फिल्म के ज़रिए यहाँ दिखाया जाता है, और पौधे से चाय के कप तक की चाय का सफ़र असल में हम यहाँ देखते हैं, यहाँ कप में या प्लेट में हमारी फोटो चिपकाने की सुविधा भी है जो इस यात्रा के लिए अच्छा स्मृति चिह्न है| यह सोचकर हम वापस आये थे कि कब अगली गर्मी की छुट्टियां आयेगी और अगली बार हमें कौन बुलाएगा, पहाड़ या समंदर !!!

**रोसेलिंड जोस**
**वरिष्ठ अनुवादक**

## कबीर की चिंता

कबीरदास मध्यकालीन भक्तिकाव्य के महामानव हुए हैं जिन्होंने ब्रह्म रस और उसके सौन्दर्य का भरपूर आनंद स्वयं तो लिया ही है, उसे सर्वत्र प्रदान भी किया है | संसार के कण कण में अलौकिक सत्ता विद्यमान है, उसी की अनुभूति का नाम ब्रह्मज्ञान है |

काल की कठोर आवश्यकताएं महात्माओं को जन्म देती है | कबीर का जन्म भी समय की विशेष आवश्यकताओं की पूर्ती के लिए हुआ था | जिस समय कबीर आविर्भूत हुए थे, वह समय ही भक्ति की लहर का था | बाहर के लोगों के भारत में आ बसने से परिस्थिति में बहुत परिवर्तन हो गया | यहाँ की जनता का नैराश्य दूर करने के लिए भक्ति का आश्रय ग्रहण करना आवश्यक था |

कबीर की मान्यता थी कि मनुष्य इस धरती पर ईश्वर की बेहतरीन रचना है | मानो वह स्वयं ही धरती पर उतर आया हो | मानव देह में वह सब कुछ विद्यमान है, जो बाहर ब्रह्माण्ड में है | बस मनुष्य को थोडा इस ओर सचेत होना है | मनुष्य अपने भीतर की इस सम्पदा से बेखबर बाहर भटकता -ढूंढता रहता है भगवान् को | वह धर्म -ग्रंथों में लिखे को इतना महत्त्व देता है कि जीवन में - अपनी देह, मन और आत्मा के भीतर जो कुछ विद्यमान है, उसे बिना जाने कस्तूरी -मृग की तरह बाहर की ढूंढ में निढाल हो जाता है | कबीर देह -मन -प्राण की महिमा का बखान भी करते हैं :-

*इस घट अंतर बाग़ बगीचे,*
*इसी में सिर्जन हारा |*
*इस घट अंतर सात समुन्दर,*
*इसी में नौलाख तारा |*
*इस घट अंतर पारस मोटी,*
*इसी में परखन हारा |*
*इस घट अंतर अनहद गरजै,*
*इसी में उठत फुहारा |*
*कहत कबीर सुनो भाई साधो,*
*इसी में सांई हमारा |*

जैसे धरती के जीवन का केंद्र सूर्य है, वैसे ही मानव के जीवन का केंद्र उसका मन है | इसीलिए यह उक्ति भी सार्थक है कि मन के हारे, हार है और मन के जीते, जीत | मन के

हार जाने से ही हार होती है, मन के जीतने से जीत होती है | अन्यथा जीत -हार का कोई और अर्थ या अभिप्राय नहीं है | देह का केंद्र मन है और फिर मन से भी सूक्ष्म आत्मा या चेतना है | इसी भांति सूर्य और उसके भीतर ऊर्जास्वित शक्ति इस धरती के अस्तित्व का कारण -आधार है | कबीर मनुष्य के भीतर ही सबको देखते - मानते हैं | उनका मानना है कि मनुष्य की इस देह के भीतर ही वे सुन्दर बाग़ -बगीचे विद्यमान हैं जो धरती पर हमें दिखाई देते हैं, या जिनकी हम लोग कल्पना करते हैं कि वे स्वर्ग में हैं | इसी देह में सिरजनहार यानी हमारा प्रभु है, भगवान है, अल्लाह है | धरती पर दिखाई देने वाले गहन - अतल सात समुन्दर भी तुम्हारी इस छोटी-सी देह में ही हैं | नौ लाख तारे भी इतनी -बड़ी संख्या में, तुम्हारी देह में विद्यमान है | पारस पत्थर, जब किसी धातु को छू जाय तो उसे सोना बना देता है, वह भी तथा उसकी परख रखने वाला विवेक भी तुम्हारे घट में ही रखा हुआ है | इतना ही नहीं अनहत् नाद भी तथा आनंद के चरम क्षणों में उठने वाला फुहारा भी शरीर के भीतर ही है | कबीर जी का कहना है इसी देह में तुम्हारा साईं भी बसता है | अर्थात् जो ब्रह्माण्ड में है, वही पिंड में भी है | ब्रह्माण्ड यदि पूर्ण इकाई है, पूर्ण रचना है, तो तुम्हारा पिंड भी उसी का लघु रूप है, पूर्ण है |

इसी प्रकार मानवीय स्वभाव की कमजोरियों का उल्लेख भी कबीर करते हैं और मानवों को आगाह करते हैं कि उनसे बचने में भलाई है :

*काम, क्रोध, मद, लोभ की, जब लग घट में खान |*

*क्या मूरख क्या पंडिता, दोनों एक सामान ||*

काम वासना, क्रोधभाव, धन -पद आदि का मद जब तक ये आपके मन में स्थान बनाए रखते हैं तब तक मूर्ख और ज्ञानी में कोई अंतर नहीं | अर्थात् दोनों एक समान दुर्गति के शिकार होते हैं | विद्वान लोगों को चाहिए कि वे इनसे बचें, अपने मन को इनके प्रभाव से मुक्त कर लें तभी वे सुखी रह सकते हैं |

*गोधन गजधन वाजिधन और रत्न धन खान |*

*जब आवे संतोष धन, धन धुरि समान ||*

जिनके मन में संतोष -रूपी धन आ गया है, वे वास्तव में दुनिया के शहनशाह हैं | अन्यथा गाएँ, हाथी, घोड़े और रत्नों की खानें भी मिल जाएँ तो भी मन में शान्ति नहीं मिलती | चैन नहीं पड़ता | व्यक्ति इनके लिए मन का सुख -चैन बर्बाद करके मारा -मारा फिरता रहता है, किन्तु जब मन में संतोष भाव का उदय हो जाता है तो उस अत्यंत मूल्यवान धन की प्राप्ति हो जाने पर सभी अन्य प्रकार के धन व्यर्थ लगने लगते हैं |

## एक नज़र ..भारतीय संस्कृति की ओर

भारतीय संस्कृति का क्षेत्र बहुत विस्तृत है | मनुष्य -जीवन के समस्त धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि कार्य -व्यवहार सदा से संस्कृति को प्रभावित और स्वरुप प्रदान करते आए हैं | संस्कृति में हमारे जीवन की समग्रता झलकती है | इसमें हमारी जीने की कला, हमारी चित्तवृत्ति, चिंतन - पद्धति, दर्शन, जीवन -मूल्य, मानवीय सम्बन्ध, आस्था और विश्वास, आचरण, सदाचार , शिष्टाचार आदि अनेक पक्ष समाहित हैं | भारतीय भारतीय संस्कृति मूलतः धर्मप्रधान रही है, अतः धर्म विषयक चिंतन और आचार -विचार इसमें विशेष रूप से प्रतिबिंबित है | साथ ही साथ इस संस्कृति के निर्माण में जीवन को प्रभावित करने वाले सभी पक्षों का, जैसे कि इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीती, धर्म -दर्शन, साहित्य, कला, नैतिक मूल्य आदि का, योगदान रहता है |

उक्त विषयों से कुछ जानकारी कैरली के इस अंक में प्रस्तुत हैं :-

1. अंकोरवाट :

कंबोदिया या कंपूचिया का एक नगर जो भव्य और कलात्मक विष्णु मंदिर के कारण प्रसिद्द है | इस मंदिर का 213 फुट ऊंचा शिखर दूर से ही दर्शनार्थियों को आकृष्ट करता है | इसका निर्माण कंबुज के राजा सूर्य वर्मा (1049-66ई.) ने कराया था | इस क्षेत्र में हिंदु धर्म और भारतीय संस्कृति का प्रवेश ईसा

की प्रथम शताब्दि से आरम्भ हो चुका था | दक्षिण भारत के पल्लव राजवंश के लोग इसके प्रथम वाहक थे | बौद्धों का प्रवेश बाद में हुआ | ग्यारहवीं शताब्दि में बने स्थापत्य और मूर्तिकला के अनुपम उदाहरण इस मंदिर से प्रकट होता है कि इस्लाम के प्रवेश के पूर्व इस क्षेत्र में वैष्णव धर्म का पूरा प्रभाव था | यह मंदिर तीन मंजिल का है और इसकी रक्षा के लिए चारों ओर दीवार और 700 फुट चौड़ी खाई बनाई गई है |

2. अशोक :

प्राचीन भारत के मौर्य सम्राट बिन्दुसार का पुत्र जिसका जन्म लगभग 297ई. पूर्व में माना जाता है | भाईयों के साथ गृहयुद्ध के बाद 272ई. पुर्व में अशोक को राजगद्दी मिली और 232 ई. पूर्व तक उसने शासन किया | आरम्भ में अशोक भी अपने पितामह चन्द्रगुप्त मौर्य और पिता बिन्दुसार की भांति युद्ध के द्वारा साम्राज्य विस्तार करता गया | कश्मीर, कलिंग तथा कुछ अन्य प्रदेशों को जीतकर उसने सम्पूर्ण भारत में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया जिसकी सीमाएं पश्चिम में ईरान तक फ़ैली हुई थीं | परंतु कलिंग युद्ध में जो जनहानि हुई उसका अशोक के हृदय पर बड़ा प्रभाव पडा और वह हिंसक युद्धों की नीति छोड़कर धर्मविजय की ओर अग्रसर हुआ | अशोक की प्रसिद्धी इतिहास में उसके साम्राज्य विस्तार के कारण नहीं धार्मिक भावना और मानवतावाद के प्रचारक के रूप में अधिक है |

उसने बौद्ध धर्म ग्रहण किया, इस धर्म के उपदेशों को न केवल देश में वरन् विदेशों में भी प्रचारित करने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए | अपने पुत्र महेंद्र और पित्री संघमित्रा को अशोक ने इसी कार्य के लिए श्रीलंका भेजा था |

अशोक ने अपने कार्यकाल में अनेक शिलालेख खुदवाए जिनमें धर्मोपदेशों को उत्कीर्ण किया गया | राजशक्ति को सर्वप्रथम उसने ही जनकल्याण के विविध कार्यों की ओर अग्रसर किया | अनेक स्तूपों और स्तम्भों का निर्माण किया गया | इन्हीं में से सारनाथ का प्रसिद्ध सिंहशीर्ष स्तंभ भी है जो अब भारत के राजचिह्न के रूप में सम्मानित है |

कुछ इतिहासकारों का मत है कि अशोक ने धार्मिक क्षेत्रों की ओर ध्यान देकर राष्ट्रीय दृष्टि से अधिक हित साधन नहीं किया | इससे भारत का राजनीतिक विकास रुका जबकि उस समय रोमन साम्राज्य के समान विशाल भारतीय साम्राज्य की स्थापना संभव थी | इस नीति से दिग्विजयी सेना निष्क्रिय हो गयी और विदेशी आक्रमण का सामना नहीं कर सकी | इस नीति ने देश को भौतिक समृद्धि से विमुख कर दिया जिससे देश में राष्ट्रीयता की भावनाओं का विकास अवरुद्ध हो गया |

दूसरी ओर अन्य का मत इससे विपरीत है | वे कहते हैं इसी नीति से भारतीयता का अन्य देशों में प्रचार हुआ | घृणा के स्थान पर सहृदयता विकसित हुई, सहिष्णुता और उदारता को बल मिला तथा बर्बरता के कृत्यों से भरे हुए इतिहास को एक नई दिशा का बोध हुआ | लोकहित की दृष्टि से अशोक ही अपने समकालीन इतिहास का एकमात्र ऐसा शासक है जिसने न केवल मानव की वरन् जीवमात्र की चिंता की |

इस मत -विभिन्नता के रहते हुए भी यह विचार सर्वमान्य है कि अशोक अपने काल का अकेला सम्राट था जिसकी प्रशस्ति उसके गुणों के कारण होती आई है बल के दर से नहीं |

3. कौटिल्य :

एक आचार्य जिसका नाम विष्णुगुप्त था| यह 'चाणक्य' के गोत्रज नाम से तथा राजनीतिशास्त्र में कुटिलनीति का प्रवर्त्तक होने के कारण 'कौटिल्य' भी कहलाता है | यह तक्षशिला का निवासी एक ब्राहमण था | एक बार जब यह पाटलिपुत्र आया तो राजा नंद ने इसका अपमान किया| इस अपमान का बदला लेने के लिए यह चन्द्रगुप्त मौर्य से मिल गया और नंद को पराजित करने तथा चन्द्रगुप्त को गद्दी पर बैठाने में सफल हुआ | कुछ का मत है कि वे चन्द्रगुप्त मौर्य को शासन कार्य चलाने में भी सहयोग देते थे | कुछ लोग उन्हें चन्द्रगुप्त का मंत्री भी बताते हैं |



कौटिल्य की सबसे बड़ी देन संस्कृत साहित्य का राजनीतिशास्त्र विषयक ग्रन्थ 'कौटिल्य अर्थशास्त्र' है | इसमें राज्यशासन के अंतर्गत आनेवाले परराष्ट्रीय, युद्ध शास्त्रीय, वैधानिक, वाणिज्य, राजस्व आदि सभी अंगों पर

विस्तृत विवेचना की गयी है | दीर्घकाल तक यह ग्रन्थ अप्राप्त था | दक्षिण के विद्वान डॉ. शाम्शास्त्री ने इसे खोजकर 1909ई. में प्रकाशित किया |

4. आयुर्वेद :

भारत में विकसित चिकित्सा की प्राचीन पद्धति | एक परंपरा के अनुसार इस विद्या का आरम्भ ब्रह्मा से हुआ था | ब्रह्मा ने इसे दक्ष प्रजापति को दिया | दक्ष प्रजापति से अश्विनी कुमारों को और उनसे इंद्र को यह विद्या प्राप्त हुई | पुराणों की परंपरा के अनुसार प्रजापति ने चारों वेदों पर विचार करने के बाद पंचम वेद की रचना की जो आयुर्वेद कहलाया | प्रजापति से भास्कर को तथा उनसे धनवन्तरि आदि को इसका ज्ञान मिला |

वेदों में भी इस विषय का वर्णन मिलता है | ऋग्वेद में अश्विनी कुमारों का उल्लेख है जिन्होंने एक स्त्री को नकली टांग लगा दी थी | अथर्ववेद में अनेक वनस्पतियों तथा उनसे दूर होनेवाले रोगों का वर्णन किया गया है | इसी प्रकार ब्राह्मण, उपनिषद तथा रामायण -महाभारत में भी आयुर्वेद से सम्बंधित अनेक विवरण मिलते हैं | चरक, सुश्रुत और बाणभट्ट रचित ग्रन्थत्रयी आयुर्वेद के प्रसिद्द ग्रन्थ हैं | इनके अतिरिक्त आयुर्वेद -संहिता के नाम से विभिन्न रचनाकारों के 18 ग्रन्थ भी प्रसिद्ध हैं | चरक -संहिता सबसे प्राचीन मानी जाती है | इसकी रचना चरक ने ईसा की पहली शताब्दि में की थी | कुछ लोग चरक को सम्राट कनिष्क का राजवैद्य बताते हैं | आयुर्वेद का प्राचीन अर्थ चिकित्साशास्त्र तक सीमित न था | भारत में इसका बड़ा व्यापक अर्थ लिया जाता था | इसका उद्देश्य था - शरीर, इन्द्रीय, मन तथा आत्मा के संयोग की रक्षा करना |

सम्पादन :राजभाषा अनुभाग
आभार : विविध माध्यम

# कोई खिलौना नहीं, मैं भी एक इंसान हूँ

किसी पिता की दुलारी, किसी माँ की जान हूँ,
कोई खिलौना नहीं, मैं भी एक इंसान हूँ ।।
किसी की बेटी बन कर आती हूँ,
किसी की बहन कहलाती हूँ ।।
फिर एक दिन, अपना ही घर छोड़ कर,
किसी की पत्नी बन जाती हूँ ।।
और भी बहुत से रूप है मेरे,
जिनसे मैं अनजान हूँ,
कोई खिलौना नहीं, मैं भी एक इंसान हूँ ।।
रामायण का अपहरण,
महाभारत वस्त्रहरण !!
कोई जगह महफूज़ नहीं,
जहाँ मैं ले सकूं शरण ।।
ऐसी घिनौनी सोच से मैं,
युगों युगों से परेशान हूँ,
कोई खिलौना नहीं, मैं भी एक इंसान हूँ ।।
जली मैं दहेज़ के कारण कहीं,
बनी किसी दरिन्दे का शिकार कभी !!
पूजते रहे जो देवी बना कर लोगो के सामने,
वो ही मेरे दुश्मन बन चुके है अभी !!
झूठे वहशी लोगो के लिए मैं,
खिलौना सा एक सामान हूँ,
आज एक बार फिर बता दूं उन्हें, की मैं भी एक इंसान हूँ ।।
कभी झूठी मोहब्बत के नाम पर,
कभी दफ्तर में, कभी काम पर !!
जीने दे, ना लूट मुझे तू,
न मुझको यूं बदनाम कर !!
मत सोच की मैं लड़की हू तो,
तेरे कदमो की गुलाम हूँ,
कोई खिलौना नहीं तेरे हाथों की, मैं भी एक इंसान हूँ !!
मत कर मेरी पूजा तू,
मत बोल मैं देवी का रूप हूँ !!
बस इतना सा कर दे करम,
की सांस भर के जी सकूं ।।
मेरा रूप तेरे घर में भी है,
तेरे घर की भी मैं शान हूँ,
अब मान इस बात को तू, मैं तेरे जैसी इंसान हूँ

**नितेश सैनी, निरीक्षक**

# इतना गरम ...दिल्ली ..एक यात्रा विवरण

जीवन में कुछ बातें अचानक हो जाती है | जैसे कि मेरी दिल्ली यात्रा पिछले जून महीने की| ..बात दफ्तर की थी ..तब क्या जून क्या जुलाई ..जाना ही है | अब दो हफ्तो दिल्ली में | साथ में अपनी प्यारी सहेली भी थी .. तो मन उतना व्याकुल भी नहीं था | देखते हैं हम इस यात्रा को कितने मज़ेदार बना सकते हैं | यह सोचकर फ्लाइट से बाहर निकले | हवाई अड्डा तो वातानुकूलित है, ठंडा ठंडा कूल कूल है | धीरे-धीरे हम बाहर आते गए हमें गर्मी का एहसास होने लगा | सुना था जून में दिल्ली गरम है ..लेकिन इतना गरम 48 ..सचमुच !!!

आने जाने के लिए कोई तकलीफ नहीं हुई, ऊबर टैक्सी हर जगह मौजूद थी, चाहे वे बहुत पुरानी और टूटी फूटी दिख रही थीं, वातानुकूलित ज़रूर थीं |पैदल चलना ना मुमकिन सा हो गया था | मानो हम ने जलती हुई एक भट्टी में प्रवेश कर लिया हों | मेरी अपनी पसंद तो रिक्शा है, ऑटो या साइकिल-रिक्शा | उसमें चढ़ने से हम सही मायने में उस स्थान की नब्ज का अनुभव करेंगे। एक दिन चढ़े भी थे, हाथ जल गए, बिना सोचे हम ने सीट के सामने दिखे लोहे के छड़ को पकड़ लिया था | दफ्तर दक्षिण दिल्ली में साकेत में था और उसके पास एक **शॉपिंग मॉल** भी था. सोचा शुरुआत उससे करते हैं | मॉल तो मॉल है हर जगह एक प्रकार दिखती है | कोइ बात नहीं. लाजपत नगर, कॉन्नाट प्लेस, पालिका बाज़ार, इंडिया गेट सब हमारे इंतज़ार में हैं न |

अगले दिन दफ्तर से जल्दी मुक्ति मिली, चलो **लाजपत नगर** | अरे वाह !! यह तो बहुत अच्छा शॉपिंग कार्नर है | गर्मी तो हम भूल गए | चीज़ें खरीदती गई ..कभी कभी जूस का ख्याल भी आता है, पी लिया ..फिर शॉप्पिंग | हम ये सब वापस कैसे ले जाएँगे फ्लाइट में !!! सोचने के लिए समय नहीं था |

दिल्ली आकर एक भी प्राचीन स्मारक नहीं देखा, यह क्या बात हुई | कब चलेंगे कैसे चलेंगे, बीच में एक शनिवार और रविवार है | और **कुतब मीनार** पास भी है | शनिवार का शाम कॉन्नाट प्लेस के नाम कर दिया | लेकिन हम इतने भाग्यहीन भी नहीं थे क्योंकि रविवार को थोड़ी सी बारिश हुई तब तापमान 34c हुआ |शुक्र है भगवान् का | हम फुरसत से कुतब मीनार देख पायें | अब हमारा मन इंडिया गेट की ओर चला | एक और हफ्ता है, जाना ज़रूर था |

एक और दिन दफ्तर से जल्दी निकले थे हम, तब **इंडिया गेट** और वहां **राष्ट्रीय युद्ध स्मारक** भी देखने का मौक़ा मिला | इस बार दिल्ली कितना भी गरम क्यों न था, हमें बहुत सारी अच्छी यादें दे गया |

रोसेलिंड जोस, वरिष्ठ अनुवादक

# केरल और मैं

बचपन मे सामान्य ज्ञान अधययन करते हुए जब मैंने केरल के विषेय में पढा की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार केरल का निर्माण ऋषि परशुराम, जिन्होंने इक्कीस बार पृथ्वी से अत्याचारी क्षत्रिय राजाओं का संहार करके अपना शस्त्रफरसा को समुद्र में समर्पित कर दिया था और उस शस्त्र के आकार सा केरल नामक एक प्रदेश उत्पन हुआ !जब यह ज्ञात हुआ तो बाल मन में इस स्थान को देखने का कोतुहल जागृत हुआ , परन्तु समय व्यतीत होते-होते यह इच्छा शांत होने लगी !किन्तु जब मेरी नियुक्ति केरल में हुई तब भाग्याधीन समय ने मेरे इस बाल्य कोतुहल का साक्षात दर्शन करने तथा यहाँ पर रहने का अवसर प्रदान किया।

मन में अनेको आकांक्षाओ के साथ मैंने दिल्ली से केरल की यात्रा रेल गाडी से प्रारंभ की ! तब मुझे यह ज्ञात नहीं था की यह यात्रा मुझे अपने देश के सबसे विशिष्ट गुण'अनेकता में एकता' का वास्तिविक अनुभव करवाएगी ! इस यात्रा मार्ग में विभिन्न प्रदेशो यथा - उत्तर प्रदेश , मध्य प्रदेश , महाराष्ट्र , कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों की संस्कृति की झलक देखने का अवसर मिला और विभिन्न स्टेशनों में उस स्थान के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद प्राप्त करने का सुअवसर भी मिला ! अखंड भारत की अभिन्न सायासिक संस्कृति का साक्षात्कार करते हुए यात्रा के त्रितीय तथा अंतिम दिन रेल गाडी ने निलगिरी पर्वत माला व् अन्नामलाई की पहाडियों के मध्य स्थित पालघाट दर्रे से होते हुए केरल में प्रवेश किया, यहाँ की सुरमय छटा व् हरियाली अति लुभावनी थी ! यहाँ की विस्तृत जैव विविधता यानी की बायो डाइवर्सिटी देखकर मुझे यह एहसास हुआ की इसे इश्वर का देश क्यों कहा जाता है ! यहाँ नियुक्ति के पश्चात अरब-सागर के सुंदर तट जेसे कोवलम, वर्कला, चेराई इत्यादि का आनंद प्राप्त किया !

यहाँ रहते हुए मुझे केरल की विशिष्ट संस्कृति के अनेक उदहारण देखने को मिले! यहाँ के अद्वितीय पर्व ओणम , विशु इत्यादि को हर्ष-उल्लास के साथ मनाया ! केरल की विशिष्ट कला कथकली व् शास्त्रीय नृत्यमोहिनी-अट्टम, जिसे हमेशा टी.वी. पर ही देखा था इनका भी सजीव प्रदर्शन देखने को मिला ! यहाँ की रोमांचकारी युद्धकला कलारिपयट्ट के प्रदर्शन में कलाकारों की चुस्ती-फुर्ती व् कौशलता देखते ही बनते है ! यहाँ पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध नौका-दौड़ प्रतियोगिता का उत्साह भी आश्चर्यचकित करने वाला है !

मैं स्वयं को अत्यंत भाग्यशाली समझता हूँ की मुझे 'ईश्वर के देश' के भाव दर्शन ही नहीं अपितु यहाँ कार्य करते हुए आत्मसात करने का अवसर मिला !

**मोहित कुंद्रा**
कर सहायक
अलुवा डिवीज़न

# सिसकती हिंदी

हिंदी है आज हिरासत में, आजाद इसे कराना है,

नीरवता का अर्थ कभी अवसान नहीं बनाना है |

ऊर्जा युक्त संस्कार धनी बंद पड़ी है बोतल में ,

बस हमें आवश्यकता है इसे प्रयोग में लाने के |

हिंदी आज सिसक रही, जिसकी वजह हम आप हैं,

विदेशज भाषा यदि हावी रही तो विनाश हमारा है |

आओ मिलकर आज शपथ ले, विदेशज भाषा का अवसान करे,

क्यों हिंदी आज सिसक रही इसकी हम सम्मान करे|

हिंदी को हम सब अपने-अपने कर्मक्षेत्र में खूब लाएँगे,

राजभाषा अधिनियम को अधिक से अधिक सफल बनाना है|

हिंदी को अपनाएंगे, देश का मान बढ़ाएंगे,

*हिन्दी ही हिन्द का नारा है, प्रवाहित हिन्दी धारा है।*

**संजीव कुमार, निरीक्षक**
**कियक्कमबलम रेंज, पेरुम्बावूर मंडल**

# एक अद्भुत औरत .. माँ'

एक बच्चे के लिए माँ निस्संदेह अद्भुत है, लेकिन एक अद्भुत औरत जब हमारी माँ बन जाती है तो .. ऐसी एक माँ की याद करती हूँ मैं |

79 वर्ष की थी वे, जब उनकी मृत्यू हुई थी, उनके मृत शरीर को देखते हुए मेरा मन कुछ साल पीछे चला गया | हमारे बचपन में भारत में कामकाजी महिलायें बहुत कम थीं | इसीलिए मेरी माँ का दफ्तर जाना मुझे बिलकुल पसंद नहीं था | उम्र बढ़ती गई, तब पता चला औरत के लिए दफ्तर जाना बेहतर है |

माँ की बात अलग थीं | 23 साल की थे वे, जब उन्होंने अपने परिवार में पिताजी का स्थान ले लिया था | उस उम्र में युवतियां साज सवरने में अपना अधिकाँश समय को बिताती थीं, उस समय वे परिवार को आगे बढाने के संघर्ष में लगीं हुई थीं | आठ जन का परिवार और ये एकमात्र कमानेवाली व्यक्ति, वह भी औरत, तब समाज ने स्त्री को परिवार की मुखिया माना ही नहीं था |

पिताजी के पेंशन मिलने के लिए समय लगेगा | कृषी से तो क्या आमदनी मिलती होगी | दफ्तर से आकर पड़ोस के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना, उसके बाद पड़ोस के बच्चों के फ्रॉक, ब्लाउज आदि की सिलाई ...जो कुछ मिलता था एक समय के सब्जी के लिए तो काम आयेगा | क्योंकि 8 जन के पेट का सवाल था |

बाद में जब शादी हुई तो शौहर तो उन्हें बहुत अच्छे ही मिले, और खुदा ने हम तीन बेटियों को भी उनके देखभाल में रखा | 32 साल के उनके सरकारी सेवा काल में उन्होंने 13 दफ्तरों में काम किया है, केरल के इस ओर से उस ओर तक | लेकिन उन्होंने हमारा पालन पोषण बखूबी किया | पढ़ाया, लिखाया, और तो और अपने जैसे बनाया ...आत्मनिर्भर || आज जब मैं अपने दफ्तर में काम रही हूँ, मेरे मन में यह ख्याल आता है क्या मैं अपनी माँ का अच्छा काम आगे तो नहीं बढ़ा रही हूँ |

सचमुच वे एक अद्भुत औरत थीं..हमेशा के लिए !!!

**********

रोसेलिंड जोस, वरिष्ठ अनुवादक

# राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) से उद्धरण

(3) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी हिन्दी और अंग्रेजी भाषा दोनों ही-

(i) संकल्पों, साधारण आदेशों, नियमों, अधिसूचनाओं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदनों या प्रेस विज्ञप्तियों के लिए जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में/के या नियंत्रण में/के किसी नियम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कंपनी के किसी कार्यालय द्वारा निकाले जाते हैं या किए जाते हैं;

(ii) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदनों और राजकीय कागज-पत्रों के लिए;

(iii) केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या उसकी ओर से या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में/के या नियंत्रण में/के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा संविदाओं और करारों के लिए तथा निकाली गई अनुज्ञप्तियों, अनुज्ञापत्रों, सूचनाओं और निविदा-प्रारूपों, के लिए प्रयोग में लाई जाएगी ।

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अनुसार सामान्य आदेश में निम्नलिखित सम्मिलित है-

(1) ऐसे सभी आदेश, निर्णय या अनुदेश जो विभागीय प्रयोग के लिए हों और जो स्थायी प्रकार प्रकार के हों;

(2) ऐसे सभी आदेश, अनुदेश, पत्र, ज्ञापन, नोटिस आदि जो सरकारी कर्मचारियों के समूह अथवा समूहों के संबंध में हों या उनके लिए हों;

(3) ऐसे सभी परिपत्र जो विभागीय प्रयोग के लिए हों या सरकारी कर्मचारियों के लिए हों।

## राजभाषा नियमावली, 1976 के महत्वपूर्ण अंश कौन-कौन से हैं ?

*नियम-1 - सीमा और प्रारंभ आदि, नियम-2 - परिभाषाएं*

*नियम – 3 - केंद्र सरकार के कार्यालयों के अलावा राज्य के साथ पत्राचार*

*(क) एक मंत्रालय और दूसरे मंत्रालय के साथ पत्राचार का माध्यम हिंदी या अंग्रेज़ी हो सकता है*

*नियम -4 - मंत्रालय तथा विभाग के बीच पत्राचार प्रतिशतता केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित किए जाने वाले लक्ष्य के अनुसार होगी। (क्षेत्र क 55%)*

*नियम-5 - हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर*

*हिंदी में प्राप्त किसी भी पत्र का उत्तर किसी भी हालत में हिंदी में ही दिया जाना अनिवार्य है*

*कार्यालय के सभी शाखाओं और अनुभागों को हिंदी में प्राप्त होने वाले सभी पत्रों और दिए गए उत्तरों के संबंध में एक रजिस्टर रखना होगा*

*जारी सभी द्विभाषी पत्रों को हिंदी में जारी समझा जाएगा*

*नियम-6 – हिंदी व अंग्रेज़ी का प्रयोग:*

*राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी प्रकार के कागजातों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का यह दायित्व है कि उक्त कागज़ात को हिंदी में तैयार करवाए और हिंदी में भी जारी करवाएं।*

*नियम-7 हिंदी में आवेदन पत्र और अभ्यावेदन आदि।*

*एक सरकारी कर्मचारी अपना आवेदन पत्र या अभ्यावेदन आदि हिंदी में या अंग्रेज़ी में प्रस्तुत कर सकता है।*

*हिंदी में प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र, अपील या अभ्यावेदन या हिंदी में हस्ताक्षरित सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिया जाना अनिवार्य है।*

*नियम-8 – टिप्पणी लिखना*

*कोई भी सरकारी कर्मचारी अपनी टिप्पणियाँ हिंदी में या अंग्रेज़ी में लिख सकता है, उसका अंग्रेज़ी या हिंदी में अनुवाद प्रस्तुत करने के लिए उनसे नहीं कहा जाएगा।*

*रजिस्टरों में हिंदी में भी प्रविष्टियाँ किया जा सकता है।*

*(सभी कर्मचारी हिंदी में अधिक से अधिक पत्र लिखें, हिंदी में बातचीत करें, और दिन प्रतिदिन के कार्यों को हिंदी में निपटाने का प्रयास करें।)*

*नियम-9 – हिंदी में प्रवीणता*

*हिंदी एक मुख्य विषय के रूप में या हिंदी माध्यम से स्नातक या उच्च परीक्षा पास कर्मचारियों को हिंदी में प्रवीण समझा जाएगा।*

*नियम-10 हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान*

*केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान होना अनिवार्य है।*

*(क) यदि किसी कर्मचारी ने हिंदी एक विषय के रूप में स्नातक की परीक्षा या मैट्रिक की परीक्षा पास की हो उन्हें हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त समझा जाएगा*

*(ख) जिन कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है, उन्हें भारत सरकार के राजभाषा विभाग, हिंदी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित किए जा रहे हिंदी प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा।*

*नियम – 11 – मैनुअल, कोड और प्रक्रिया साहित्य आदि*

*सभी मैनुअल, कोड और प्रक्रिया साहित्यों, स्टेशनरी की मदों, फार्मों, प्रपत्रों और रजिस्टरों आदि को द्विभाषी रूप में ही तैयार करें*

*निम्नलिखित मदों को द्विभाषी रूप में ही तैयार करें*

| | | | |
|---|---|---|---|
| *1.* | *रबड़ की मोहरें* | *2.* | *साईन बोर्ड* |
| *3.* | *सील* | *4.* | *पत्र शीर्ष* |
| *5.* | *नाम पट्ट* | *6.* | *वाहनों पर साईन बोर्ड* |
| *7.* | *विज़िटिंग कार्ड* | *8.* | *बैज और बिल्ले* |
| *9.* | *लोगो* | *10.* | *मोनोग्राम* |
| *11.* | *चार्ट/नक्शे* | *12.* | *निमंत्रण पत्र, बैनर* |
| *13.* | *प्रकाशनें* | *14.* | *पत्रिकाएँ, पर्चियां आदि* |
| *15.* | *सभी प्रकार के फ़ार्म* | *16.* | *कार्यालय में प्रयोग किए जा रहे सभी प्रपत्र* |
| *17.* | *सभी प्रकार के रजिस्टर* | *18.* | *लिफ़ाफ़े/फाईल कवर* |

*नियम-12 अनुपालन का उत्तरदायित्व*

*राजभाषा नीति के अंतर्गत सभी प्रावधानों का समुचित अनुपालन की ज़िम्मेदारी प्रत्येक सरकारी कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का होगा।*

# ई -महाशाब्द्कोश / E-Mahashabdkosh

**ई-महाभाष्यकोश** उच्चारण के साथ द्वि-भाषी और द्वि-दिशात्मक हिंदी / अंग्रेजी शब्दकोशों पर आधारित है। ... ये शब्दकोश बहुत आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं जो एक सामान्य शब्दकोश में उपलब्ध नहीं है, जैसे कि उच्चारण, विभक्त रूप, शब्द का उपयोग और वर्णन।

**e-Mahashabdkosh** is domain based Bi-Lingual and Bi-Directional Hindi/English dictionaries with pronunciation. ... These dictionaries provide much essential information that is not available in a general dictionary, such as the pronunciation, inflected forms, usage and description of a word.

| क्रम सं. | मुख्य विशेषताएं | Salient Features |
|---|---|---|
| 1 | देवनागरी लिपि के लिए यूनिकोड फॉन्ट का सपोर्ट करता है। | Supports Unicode Font for Devanagari script. |
| 2 | खोजे गए शब्द का उच्चारण। | Pronunciation of searched word. |
| 3 | स्पष्ट लेआउट / जीयूआई, आसान नेविगेशन। | Clear layout/GUI, Easy navigation. |
| 4 | शब्द- 3 वर्ण संयोजन में सूचीबद्ध | Words Listed at 3 character combination. |
| 5 | प्रत्यक्ष शब्द खोज। | Direct word search. |
| 6 | द्विदिशिक खोज। | Bidirectional search. |
| 7 | शब्दों की खोज की गई सूची में खोज करने की सुविधा। | Facility to search within the searched list of words. |
| 8 | सही (मूल) उच्चारण और प्रासंगिक जानकारी। | Correct (native) spoken pronunciations and relevant information. |
| 9 | अर्थ और प्रासंगिक जानकारी। | Meanings and relevant information. |
| 10 | शब्द / वाक्यांशों का उपयोग। | Usage of the word/phrases. |

**सम्पादन : राजभाषा अनुभाग**

# कंठस्थ/ Kanthasth

राजभाषा विभाग ने अनुवाद और सरल बनाने के लिए अंग्रेजी से हिंदी और इसके विपरीत सभी प्रकार की आधिकारिक फाइलों के अनुवाद के लिए "कंठस्थ" नामक एक कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर विकसित किया है।
The Official Language department has developed a computer software called "Kanthasth" for translating the all kinds of official files from English to Hindi and vice versa to make the translation work simpler and quicker.

**कंठस्थ क्या है ?**

उत्तर: 'कंठस्थ' वस्तुतः ट्रांसलेशन मेमोरी (टी.एम.) पर आधारित इस मशीन अनुवाद सिस्टम को दिया गया एक नाम है। ट्रांसलेशन मेमोरी मशीन-साधित अनुवाद प्रणाली का एक भाग है जिससे अनुवाद की प्रक्रिया में सहायता मिलती है। ट्रांसलेशन मेमोरी वस्तुतः एक डेटाबेस है जिसमें स्रोत भाषा (Source language) के वाक्यों एवं लक्षित भाषा (Target language) में उन वाक्यों के अनुवादित रूप को एक-साथ रखा जाता है। ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित इस सिस्टम की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें अनुवादक पूर्व में किए गए अनुवाद को किसी नई फाइल के अनुवाद के लिए पुनः-प्रयोग कर सकता है। यदि अनुवाद की नई फाइल का वाक्य टी.एम. के डेटाबेस से पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से मिलता है तो यह सिस्टम उस वाक्य के अनुवाद को टी.एम. से लाता है।

**What is Kanthasth?**

Ans. Kanthasth is basically a name given to this Machine Translation (MT) system. This MT system is based on Translation Memory (TM) approach.Translation memory is a feature of computer aided translation system which helps in the translation process. A translation memory is basically a database which stores the translated data in the form of aligned source language and target language segments. The main characteristic of the Translation memory system is that it allows a translator to re-use the already translated segments while translating a new file, either through complete match or partial match in TM.

2. **स्टैंडअलोन टी.एम. एप्लिकेशन का उपयोग करने के लिए पूर्वापेक्षाएँ क्या हैं?**

ऑपरेटिंग सिस्टम: 32 या 64 बिट के साथ विंडोज 7 और ऊपर
JAVA SE
MS OFFICE 2007 और ऊपर
एन्वाइरनमेन्ट वेरीएबल सेट करना होगा

**What are the Prerequisite for using Standalone TM application?**

Operating System : Windows 7 and above with 32 or 64 bit
JAVA SE
MS-OFFICE 2007 and above
Must set Environment variable

3. **कंठस्थ स्टैंडअलोन सॉफ्टवेयर को डाउनलोड करने के लिए हमें लिंक कहां मिल सकता है?** ..वेब साइट http://kanthasth rajbhasha.gov.in पर जाएं

**Where can we get the link for downloading kanthasth standalone software?**

Visit web site http://kanthasth –rajbhasha.gov.in

**सम्पादन : राजभाषा अनुभाग**

# हिन्दी दिवस और हिन्दी पखवाड़ा समारोह, 2018 पर संक्षिप्त रिपोर्ट

केन्द्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, आयुक्तालय, कोच्ची ने केन्द्रीय कर एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, लेखा परीक्षा आयुक्तालय, कोच्ची के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 17.09.2018 से 28.09.2018 तक हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया। हिन्दी दिवस मनाते हुए समारोह का शुभारंभ हुआ। श्री के आर उदय भास्कर, प्रधान आयुक्त महोदय ने अपने संदेश में कहा कि " हिन्दी की प्रगति के लिए इस आयुक्तालय में हिन्दी पखवाड़ा समारोह विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि आप अपने-अपने कार्यालय कार्य जैसे टिप्पणी और मसौदा, पत्राचार, बिल तथा रजिस्टरों में प्रविष्टि आदि कार्यों को जितना हो सके हिन्दी भाषा के माध्यम से निपटाने का प्रयास करें। हिंदी में बात-चीत करें और बैठकों में चर्चा के लिए हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें। राजभाषा अधिनियम 1963 का विशेष ध्यान रखें और राजभाषा नियम 1976 के विभिन्न नियमों का अवश्य पालन करें।"

हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दौरान अधिकारियों के लिए कुल 6 प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें गैर हिन्दी भाषी अधिकारियों तथा हिन्दी भाषी अधिकारियों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं चलायी गयीं । अधिकारियों के बच्चों के लिए चार ग्रूपों में दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं थीं ।

चलायी गयीं प्रतियोगिताओं के नाम और विजेताओं के नाम निम्नलिखित हैं।

| | प्रतियोगिताएं | स्थान | अधिकारियों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी हस्तलेखन प्रतियोगिता | प्रथम | श्री शशिकान्त सिंह (के.उ.शु.) |
| | | द्वितीय | कु.महिमा दीक्षित (के.उ.शु.) |
| | | तृतीय | श्रीमती आशा (के.उ.शु.) |
| | | सांत्वना | श्री दुर्गेश कुमार जांगिड (लेखा परीक्षा) |
| | | सांत्वना | श्री सोमिल रस्तोगी(पी ए ओ) |
| 2 | हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता | प्रथम | श्री सुमित नेहरा (के.उ.शु.) |
| | | द्वितीय | श्रीमती आशा (के.उ.शु.) |
| | | तृतीय | श्री सोमिल रस्तोगी(पी ए ओ) |
| 3 | हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता | प्रथम | श्री सुमित नेहरा (के.उ.शु.) |
| | | द्वितीय | श्रीमती आशा (के.उ.शु.) |
| | | तृतीय | श्री गौरव प्रताप सिंह(लेखा परीक्षा) |
| 4 | हिन्दी सुगम संगीत प्रतियोगिता | प्रथम | श्री गौरव प्रताप सिंह(लेखा परीक्षा) |
| | | द्वितीय | श्री प्रजीत के पी(के.उ.शु.) |
| | | तृतीय | श्री आशिष कुमार सिंह |
| 5 | हिन्दी अंताक्षरी प्रतियोगिता | प्रथम | श्रीमती जिनी रज़ाक (के.उ.शु.) |
| | | | श्रीमती नाजिया सुल्ताना (के.उ.शु.) |
| | | द्वितीय | श्री गौरव प्रताप सिंह(लेखा परीक्षा) |
| | | | श्री दीपक कुमार (के.उ.शु.) |
| | | तृतीय | कु किरण शर्मा(के.उ.शु.) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कु महिमा दीक्षित(के.उ.शु.) |
| 6 | प्रश्नोत्तरी | प्रथम | श्री प्रदीप तँवर (के.उ.शु.) |
| | | द्वितीय | श्री सुमित नेहरा (के.उ.शु.)<br>श्री आनंद बाबु (के.उ.शु.) |
| | | तृतीय | श्री विनोद मकोल(के.उ.शु.)<br>श्री गौरव प्रताप सिंह(लेखा परीक्षा) |
| 7 | बच्चों की प्रतियोगिताएँ | | श्री सोमिल रस्तोगी(पी ए ओ) |
| | कविता पाठ ग्रुप -4 | प्रथम<br>द्वितीय | मेघना महेश<br>सौपर्णिका पी |
| | कविता पाठ ग्रुप -2<br>कविता पाठ ग्रुप -1 | प्रथम<br>प्रथम | अनुपमा सूसन कोरुत<br>अयान फिरोस हुसैन |
| | कविता पाठ ग्रुप - नर्सरी<br>हस्तलेखन ग्रुप -4 | प्रथम<br>प्रथम | नेहान फिरोस हुसैन<br>मेघना महेश |
| | हस्तलेखन ग्रुप -2 | द्वितीय<br>प्रथम | सौपर्णिका पी<br>अनुपमा सूसन कोरुत |
| | हस्तलेखन ग्रुप -1 | प्रथम | अयान फिरोस हुसैन |

सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए गए ।

हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह दिनांक 28.09.2018 को अपराह्न 3.30 बजे आयुक्तालय के सभागार में श्री पुल्लेला नागेश्वरा राव, आई आर एस, मुख्य आयुक्त, कोच्चि की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । श्री मुहम्मद यूसफ, आई आर एस, लेखा परीक्षा आयुक्त, कोच्चि भी समारोह में उपस्थित थे। सभी वरिष्ठ अधिकारी तथा बहु संख्या में कनिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी पखवाड़े के समापन समारोह में उपस्थित थे । प्रार्थना गीत के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ तथा कार्यक्रम संचालक श्रीमती रोसेलिन्ड जोस थॉमस कोरुत, कनिष्ठ अनुवादक द्वारा प्रारंभिक परिचय देने के बाद श्री अमरनाथ केसरी, संयुक्त आयुक्त ने सभी व्यक्तियों का स्वागत किया।

इस समापन समारोह में श्री पुल्लेला नागेश्वरा राव, मुख्य आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कोच्चि क्षेत्र ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आयुक्तालय में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया और राष्ट्रीय एकता और बोलचाल के लिए हिन्दी और अँग्रेजी के साथ साथ प्रांतीय भाषा के महत्व के बारे में भी बताया ।

श्री पुल्लेला नागेश्वरा राव, मुख्य आयुक्त, कोच्चि क्षेत्र के कर कमलों से प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत सभी अधिकारी और बच्चों को को पुरस्कार प्रदान किए गए ।

इस समारोह में उपस्थित व्यक्तियों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । श्री गौरव प्रताप सिंह, प्रजीत के पी. और आशिष कुमार ने गीत प्रस्तुत किया । सभी उपस्थितों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी । कार्यक्रम के अंत में श्रीमती सुजाता एस., अधीक्षक, लेखा परीक्षा आयुक्तालय ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह से जुड़े विभिन्न

कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद किया । सायं 4.30 बजे राष्ट्रीय गान के साथ समारोह सम्पन्न हुआ ।

राजभाषा अनुभाग

## चुटकुले

1. टीचर : मैं 2 वाक्य दूंगा आपको उसमें अंतर बताना है

1. उसने बर्तन धोये

2. उसे बर्तन धोने पड़े

संजू : पहले वाक्य में कर्ता अविवाहित है और दुसरे वाक्य में कर्ता विवाहित है। टीचर अभी तक बेहोश है।

2. टीचर: घर की परिभाषा बताओ ।

टीटू: जो घर हौसले से बनाये जाते हैं उसे "हाऊस" कहते हैं...
जिन घरों में होम-हवन होते हैं उन्हें "होम" कहते हैं...
जिन घरों में हवा ज्यादा चलती है उन्हें *"हवेली"*कहते हैं...
जिन घरों में दीवारों के भी कान होते हैं उन्हें "मकान" कहते हैं...
जिन घरों के लोन के इंस्टॉलमेंट भरते-भरते आदमी लेट जाता है उन्हें "फ्लैट" कहते हैं...
और जिन घरों में यह भी न पता हो कि बगल के घर में कौन रहता है उन्हें "बंगला" कहते हैं

टीटू को student of the year चुना गया

3. टीचर:- "क्लास में लड़ाई क्यों नही करनी चाहिए..?"

संजू:-"क्योंकि पता नही एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाये..।

4. पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल,
सिनेमा, और न जाने कहां- कहां घुमाते थे
शादी हुई तो घर के बाहर भी नहीं ले जाते..
पति- क्या तुमने कभी किसी को...
चुनाव के बाद प्रचार करते देखा है...

सम्पादन : राजभाषा अनुभाग

# बच्चों की चित्रकला/ Paintings by Children

कु. संगीत रोशन, कक्षा - 3
संयुक्त आयुक्त, श्रीमती राजेश्वरी आर नायर का सुपुत्र

कु.पृथ्वी प्रदीप, कक्षा - 1
अधीक्षक, श्रीमती ए उषा का पोता

कु.पावना प्रदीप, कक्षा - यू.के.जी.
अधीक्षक, श्रीमती ए उषा की पोती

कु.अनुश्री शंकर, कक्षा - 8
निरीक्षक, श्रीमती सुधा आर एस की सुपुत्री



कु.अनुपमा सूरज कोरतु, कक्षा - 7
वरिष्ठ अनुवादक, श्रीमती रोसेलिंड जोस कोरतु की सुपुत्री



कु.अरुंधती शंकर, कक्षा - 12
मुख्य लेखा अधिकारी, श्रीमती एम के यशोदा की सुपुत्री

कोच्चि आयुक्तालय में अध्यक्ष [सीबीआईसी] का दौरा /
**Chairman's [CBIC] visit at Kochi Commissionerate**

# ओणम समारोह 2019/ Onam Celebrations 2019

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2019/
## International Women's Day Celebrations 2019

# क्लब दिवस 2018 / Club Day -2018

आयुक्तालय के विभिन्न खेल टीमों के साथ प्रधान मुख्य आयुक्त /
**Principal Chief Commissioner with various sports teams of the Commissionerate**

दक्षिण क्षेत्र राजस्व [खेल व सांस्कृतिक]मीट 2019 - कोच्चि आयुक्तालय के अधिकारी हिंदी नाटक में भाग लेते हुए /
**Officers of Kochi Commissionerate participating in the Hindi Drama – South Zone [Sports and Cultural] Meet 2019**

महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर खादी भवन द्वारा खादी की बिक्री और आयुक्तालय के अधिकारियों द्वारा खादी फैशन शो /
**Khadi Sale & Fashion Show by the Khadi Bhavan and officers of the Commissionerate respectively on the occasion of 150th birth anniversary of Mahatma Gandhiji**

# सतर्कता सप्ताह 2019 / Vigilance Week 2019

श्री ई.के.भरत भूषण, सदस्य (प्रशासनिक), केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, एर्णाकुलम
Shri E.K. Bharat Bhushan, Member(A) , CAT, Ernakulam

One Year of GST
1 NATION
TAX
GST MARKET
एक भारत - सशक्त भारत

CELEBRATING ONE YEAR OF GST
Making the country prosper
and everyone happy
GST
GST, Central Excise & Customs

## जी एस टी दिवस - 2019 / GST DAY -2019

राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता / Presidential Awardees
डॉ टिजु टी, आयुक्त व श्री प्रसाद पी., सहायक आयुक्त
Dr.Tiju T.,Commissioner & Shri Prasad P, Asst.Commissioner

ओलिंपियन एवं ध्यान चंद पुरस्कार 2018 विजेता श्रीमती बॉबी अलोयिस को
कोच्चि आयुक्तालय द्वारा सम्मानित किया गया /
Olympian and Dhyan Chand Award 2018 winner
Smt. Bobby Aloysius was felicitated by
the Kochi Commissionerate.

केरल बाढ़ 2018 - कोच्चि आयुक्तालय के अधिकारियों द्वारा राहत कार्य/
**Kerala Floods 2018 – Relief work by the Officers of Kochi Commissionerate**

## कैरली विभागीय पत्रिका विमोचन / Kairali Departmental Magazine Release

**कोच्चि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रोलिंग ट्रॉफी-कोच्चि आयुक्तालय को प्रथम पुरस्कार।**
**Kochi Tolic Rolling Trophy –First prize To Kochi Commissionerate.**

## हिंदी पखवाड़ा समारोह 2018 / Hindi Fortnight Celebrations 2018

**नासिन, कोचिन द्वारा आयोजित कार्यक्रम - कमोडोर अभिलाष टॉमी द्वारा एक प्रेरणात्मक बातचीत**
**Motivational talk by Cmr. Abhilash Tomy organised by NACIN, Cochin**

# Unity in Diversity

28 states, 8 union territories, 720 districts, 6,49,481 villages, 9 religions, hundreds of sects, 3,000 castes, 25,000 sub-castes, 880 languages, 22 official languages, over 700 dialects, over 13 scripts, thousands of festivals, different customs, traditions, food habits, attires, cultures, different geography, different history, 1.30 billion people, yet, we are one nation, that is Bharat. This is the essence of 'Unity in Diversity'. This is our uniqueness; this is our strength. And this is why, every day in school, we pledge that we are proud of its rich and varied heritage.

Since beginning of civilization, Bharat has been a home for settlers. Various races came to our country and became part of this diversity. After independence, this uniqueness was preserved by us, the people. Today, we celebrate this unity in diversity with pride. Our constitution guarantees equality before law to each and every citizen of this country irrespective of caste, creed, religion or gender.

We cherish individual thoughts & dreams. We are separated by geographical and linguistic barriers, yet, we all stand united for our national cause. A soldier defends our frontiers, an engineer builds dams, a doctor treats patients, and a policeman safeguards us, each one of them does it for his motherland. They don't have a caste or religion. Our national flag is a union of three colours, which symbolizes 'unity in diversity'. Our lives would have been so colourless had we were not born in this diverse land of ours. Every right comes with a responsibility too. While enjoying the fruits of diversity, let us not be an impediment in our path to glory. Interestingly, those 52 seconds which we stand together for national anthem is what is called 'unity in diversity'.

# Where there is a will, there is a way.

1. Once upon a time, there was a king of Scotland. His name was Robert Bruce. He was a brave king. But the King of England, had a big army. He wanted to win the Scotland. Six times, Bruce had to fight against the mighty English army. And every time, he was defeated. He was forced to hide himself in the woods and the mountains.He was mentally and physically tired. One day, when he was hiding in a cave, he saw a spider making her web. Six times, she tried but failed. With some more care, she tried for the seventh time. And this time, she was successful. Inspired by this, Bruce fought for the seventh time and won his kingdom back. The moral of the story is that where there is a will, there is a way.
2. With strong willpower, nothing is impossible in the world. Even the word impossible is written as “I-m-possible”. Do you remember how we learnt the bicycle riding? Many a times, we fell and hurt ourselves, but we tried again. Those who showed the will, they mastered the skill.
3. Our history is full of people, who achieved great things because of their willpower. Our freedom struggle is a good example of strong willpower of our freedom fighters. For hundreds of years we were oppressed. Freedom from the mighty British Empire, seemed impossible. Many a times, people stood up, but they were beaten and killed. But struggle never stopped… Finally, we got our independence.
4. If a person really wants to do a thing, he will certainly find the way to do it. There are persons who believe in fate. They do not give their best. Ultimately, they fail. No mission is impossible, if we have hunger for it. Edison failed thousand times before he made a filament of bulb. Sudha Chandran's leg was cut, but she wanted to dance and she did it with a prosthetic leg. Gandhi ji was thrown out of train in South Africa, but he never gave up. Shri APJ Abdul Kalam went on to become the President of India, despite being born in a poor family. The list is long and without these people our history would have been incomplete.
5. A river finds its way, because it has to reach the ocean. Victory blesses only those, who dare to dream, and try to achieve.

Miss Nishka Singh, Class-VI
KV NAD, Aluva
D/o-Shri Shashi Kant Singh,
Inspector of Central Excise.

# VISIT TO A HISTORIC PLACE

A warm up session was organised for the 56 students of my class. It was conducted on 3rd April,2019 and the pace fixed was Hill Palace, Tripunithra. We were accompanied by Principal K.V.Port Trust Sri Prabhakaran Sir, our Vice Principal Sri Pyarelal Sir, Prem Kumar Sir and Krishna Madam.

